# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







आस्था के रंग

सिर्री के चंदन नवरात्रि में प्रतिदिन 4 चम्मच दुर्वा रस का कर रहे सेवन

## अटूट आस्था...कील के बिछौने पर लेटकर जलाई अखंड ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री

शारदीय नवरात्रि में भक्त माता के प्रति विभिन्न तरीकों से अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। इसी तारतम्य में धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिर्री में एक भक्त ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का अनोखा तरीका अपनाया है। टिकरापारा निवासी 31 वर्षीय चंदन सुपल भगत ने अपने सीने में अखंड ज्योति प्रज्वलित की है। 22 सितंबर को नवरात्रि के शुभारंभ दिवस पर गोधूलि बेला में किलों से बने बिछौने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अनोखी आस्था, दर्शन करने पहुंच रहे लोग

सन 2016 और 2017 में मरकाटोला रानीमाई चारामा के कंकालीन मंदिर में सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। 2023 से 2025 तक वर्तमान में 3 साल ग्राम सिर्री के अपने निवास में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। माता दुर्गा के प्रति अनोखी आस्था ▶▶| शेष पेज 7 पर

अलग खबर

## पेट पर बोया जंवारा, ज्योति कलश के साथ 9 दिन अराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/उतई

शारदीय नवरात्रि के दौरान शहर से लेकर गांव तक भक्त मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं। हर तरफ देवालय भक्ति से सराबोर है। इस बीच माता की एक भक्त वैष्णवी साहू ने शरीर को कष्ट देते हुए 9 दिन की अनोखी आराधना शुरू की है। दुर्ग जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित गांव कातरों में कुंवारी माता के नाम से पहचानी जाने वाली वैष्णवी ने पेट में जवारा बोया है, इतना ही नहीं, उसने उसके ऊपर ज्योति कलश स्थापित किया है। नवरात्रि के पहले दिन कुंवारी माता ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 14 साल की उम्र से वह माता की भक्ति में डूबी

वैष्णवी के पिता प्रमोद साहू का निधन हो चुका है। वे अपनी मां प्यारी साहू के साथ रहती हैं। 14 साल की उम्र से वह माता की भक्ति में डूबी हुई हैं। पहले गांव के लोग उनके पास समस्या लेकर पहुंचते थे। वह लोगों को भक्ति का मार्ग बताकर उनकी समस्याओं का निराकरण करती थीं। धीरे-धीरे उनकी प्रसिद्धि बढ़ती गई। आज यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चित बंगाल, मुंबई, ▶▶| शेष पेज 7 पर

कोर्ट से आदेश जारी, इससे पहले ईडी ने 39 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की थी

# सौम्या की 8 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क ईओडब्ल्यू के इतिहास में यह पहली कार्रवाई

*छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले से जुड़े मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की अर्जी पर विशेष कोर्ट ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की 8 करोड़ रुपए की 16 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने यह आदेश धारा 13 (1) बी, 13 (2) पीसीएक्ट 1988 के तहत दर्ज मामले में जारी किया है। आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो की कुर्की जैसी यह पहली कार्रवाई है। इससे पहले ईडी ने 39 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में एक प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें बताया गया कि कोयला घोटाला मामले में संलिप्त सौम्या चौरसिया के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अर्जित की गई अचल संपत्तियों को ईडी द्वारा पूर्व में सीज किया था, जिसके बाद इस घोटाले में सौम्या के विरुद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की जांच के दौरान सौम्या की लगभग 45 अचल सम्पत्तियों का पता चला था, जिसकी कीमत 47 करोड़ रुपए आंकी गई है। जांच में इन संपत्तियों में से 29 संपत्तियां सौम्या के करीबी ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर




### ये संपत्तियां कुर्क

- *अहिवारा तहसील धमधा में खसरा 685 रकबा 0.580 हेक्टेयर भूमि कीमत 740130*
- *अहिवारा तहसील धमधा स्थित खसरा नंबर 686 रकबा 0.550 हेक्टे. कीमत 739210*
- *अहिवारा धमधा में खसरा 703/2 रकबा 0.400 हेक्टे. एवं खसरा 683/3 रकबा 0.260 हेक्टे. कीमत 100770*
- *अहिवारा धमधा में खसरा 684/2 रकबा 0.600 हेक्टे. भूमि कीमत 821390*
- *रा.नि.मं. दुर्ग 1 रोड स्थित भूमि खसरा 1946/166 रकबा 1614* ▶▶| शेष पेज 7 पर

सत्येंद्र की 7.44 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

## देश में ईडी का एक्शन

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने धन शोधन जांच के तहत आम आदमी पार्टी नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के लाभकारी स्वामित्व व नियंत्रण वाली कंपनियों की करीब 7.44 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां कुर्क की हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया है। यह जांच जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ बेनामी ▶▶| शेष पेज 7पर

### झारखंड दिल्ली में छापे मारे

*ईडी ने मंगलवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन की जांच के तहत झारखंड और दिल्ली में छापे मारे। रांची में कम से कम छह और दिल्ली में तीन परिसरों पर छापेमारी की। जिन परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, वे मुख्य आरोपी कमलेश कुमार* ▶▶| शेष पेज7 पर

# मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कई कलाकारों को अवार्ड दिया गया। मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल को वर्ष 2023 के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोहनलाल के साथ ही 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के समारोह में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, विक्रांत मैसी सहित सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित ▶▶| शेष पेज 7 पर

शाहरुख, रानी को मिला नेशनल फिल्म अवॉर्ड



### सिनेमा समाज को जागृत करने का माध्यम : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समारोह में फिल्मकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिनेमा केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि समाज और देश को जागृत करने का माध्यम भी है।

### मेरी जिम्मेदारी अपनी भूमिका को बखूबी निभाना है

मोहनलाल ने कहा, मेरी जिम्मेदारी अपनी भूमिका को बखूबी निभाना है। राजनीति का समय अब बीत चुका है। फिलहाल, फिल्म ही मेरी जिंदगी है।

### किसे कौन सा पुरस्कार

- **बेस्ट हिंदी फिल्म** – कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री
- **सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म** – 12वीं फेल
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** – शाहरुख खान (जवान) और विक्रांत मैसी (12वीं फेल)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** – रानी मुखर्जी (मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे)
- **दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड** – मोहनलाल
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशन – द केरला स्टोरी (सुदीप्तो सेन)
- सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म – रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
- बेस्ट तेलुगु फिल्म – भगवंत केशरी
- बेस्ट गुजराती फिल्म– वश ▶▶| शेष पेज 7 पर






## दो मासूम बच्चियों की नदी में डूबने से मौत

**सरगांव।** मुंगेली जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरोटी में मंगलवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा हुआ। नदी में नहाने गई दो मासूम बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लगभग 8:30 बजे ग्राम चरोटी की चार बच्चियां दैनिक दिनचर्या के तहत स्नान के लिए गांव के पास बहने वाली टेसुआ नदी गई थीं। इनमें से दो बच्चियां स्नान कर बाहर आ गई थीं, जबकि अन्य दो अंकिता जोशी (उम्र 7 वर्ष) और राबिया उर्फ डुबकी ▶▶| शेष पेज 7 पर

*टेसुआ नदी में नहाने गई थीं चार बच्चियां*



# पत्रकार हत्याकांड, ठेकेदार सुरेश की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की भ्रष्टाचार मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी है। उस पर करोड़ों रुपए की सड़क निर्माण परियोजना में गड़बड़ी करने, घटिया गुणवत्ता का काम कराने और फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। इस मामले में 9 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। वहीं, मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा कि आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। वह एक हत्या के मामले में भी सह-आरोपी बताया गया है। ऐसे में नियमित जमानत देना उचित नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि आरोपों की गंभीरता और परिस्थितियों को देखते हुए यह जमानत याचिका मंजूर नहीं की जा सकती। ध्यान रहे कि 1 जनवरी 2025 को बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर का मर्डर हुआ। हत्यारों ने पहले डिनर पर बुलाया। खाना खिलाकर जमकर पीटा। जब मुकेश अधमरा हो गया, तो उसका गला घोंटा, फिर रॉड से सिर



पर मारा, जिससे ढाई इंच घाव हो गया था। पत्रकार मुकेश चंद्राकर को मारने की साजिश 29-30 दिसंबर 2024 को रची गई थी। दिनेश, रितेश और सुरेश चंद्राकर तीनों मुकेश के चचेरे भाई हैं। रितेश सबसे करीबी दोस्त था। मुकेश के साथ दोनों ने पढ़ाई की थी। इनके बीच रिश्ता काफी गहरा था। दोनों कपड़े तक शेयर करते थे। 3 जनवरी को लाश मिलने के बाद पुलिस ने 4 जनवरी को मुकेश के 2 चचेरे भाई दिनेश, रितेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार किया। वहीं मास्टरमाइंड ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को भी अरेस्ट किया था। वारदात के बाद सभी का अलग-अलग लोकेशन पर भागने का रूट पहले से तय था। दरअसल, 2009 में केंद्र सरकार ने सड़क आवश्यकता योजना स्पेशल प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। 2009 के प्रोजेक्ट का 2015 में एग्रीमेंट हुआ था। गंगालूर से मिरतुर तक सड़क के लिए लगभग 56 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। 15 साल में सड़क की दूरी उतनी ही है, जितनी पहले थी, लेकिन 56 करोड़ रुपए में बनने वाली सड़क 120 करोड़ रुपए पहुंच गई। सड़क निर्माण का ठेका 4 फर्मों को मिला था। हर 2 किमी की सड़क निर्माण के लिए अलग-अलग टेंडर जारी किया गया। 32 किलोमीटर सड़क के काम को 16 भागों में बांटा गया और एग्रीमेंट किया गया। सड़क निर्माण का काम ठेकेदार सुरेश चंद्राकर कर रहा था। 52 किलोमीटर की सड़क को टुकड़ों में बनाया गया। लगभग 12 से 15 किमी तक डामर बिछाया गया, लेकिन क्वालिटी इतनी घटिया थी कि कुछ ही दिन में सड़क उखड़ने लगी। इसके अलावा बीच-बीच में गिट्टी और मुरुम डाल दिया गया था, जो चलने लायक भी नहीं थी।

**रायपुर।** नगर निगम की टीम ने कचरा फैलाने पर शराब दुकान के अहाते और 2 कबाड़ी दुकान को सील कर दिया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के यतियतनलाल वार्ड के अंतर्गत भनपुरी मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के अहाते की स्वच्छता व्यवस्था का सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया।

# फिरौती के लिए अपहरण गंभीर अपराध, सजा केवल मौत या उम्रकैद-हाईकोर्ट

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दुर्ग के चर्चित अपहरण और फिरौती कांड में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने नागपुर के चार आरोपियों की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा है। अब चारों आरोपी उम्रकैद की सजा काटेंगे। मामला 13 जुलाई 2015 का है, जब दुर्ग के कारोबारी अमित गोयल को मकान दिखाने के बहाने बुलाकर कार सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया था। अपहरणकर्ताओं ने फोन पर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित परिवार ने रकम का इंतजाम कर अपहरणकर्ताओं को

## आरोपियों की अपील खारिज

तय जगह पर पैसा सौंपा, जिसके बाद अमित गोयल को देर रात उरला रोड पर छोड़ा गया।

पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को नागपुर से गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, सोने के जेवर और अन्य सामान जब्त किए थे। ट्रायल कोर्ट ने 2019 में चारों आरोपियों रविंद्र कृष्णा देवांगन, प्रवीन घाटे, संजय धोंगरे और रवि बंसोड़ को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद) ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि अपहरण और फिरौती के पूरे मामले में अभियोजन ने ठोस सबूत पेश किए हैं। अमित गोयल ने कोर्ट में आरोपियों की शिनाख्त की और घटनाक्रम का विस्तार से ब्यौरा दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि फिरौती के लिए अपहरण (IPC की धारा 364A) गंभीर अपराध है, जिसकी सजा केवल मौत या उम्रकैद ही हो सकती है। लिहाजा सजा में किसी तरह की राहत नहीं दी जा सकती।

नई धान उपार्जन-कस्टम मिलिंग नीति में बदलाव

# धान बेचने के लिए मिलेगा ऑनलाइन टोकन, छोटे किसानों को पहले मौका, सोसाइटियों, मिलरों को भी राहत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा। धान खरीदने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को भी इस बार सरकार राहत देने जा रही है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुंहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी, लेकिन पिछले साल किन्ही कारणों से सोसाइटियों को यह राशि नहीं दी जा सकी था। इस वजह से शून्य प्रतिशत सूखत वाली सोसाइटियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था। राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है।






बिलासपुर
बुधवार, 24 सितंबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 182
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 4 .00***

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 24.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने

विचार पेज
2 बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

*एग्रीस्टैक के साथ एकीकृत पोर्टल में पंजीयन है अनिवार्य*

# डिजिटल क्रॉप सर्वे 30 तक, फिर सर्वर होगा लॉक जितना रकबा दिखेगा उतना ही खरीदा जाएगा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए ये अनिवार्यता है कि किसान के रकबे का डिजिटल सर्वे या पटवारी गिरदावरी होनी चाहिए। खास बात ये है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे ऑनलाइन किया किया जा रहा है। इस काम के ▶▶।शेष पेज 7 पर

## डिजिटल सर्वे करवाना अब किसान की भी है जिम्मेदारी



**एग्रीस्टैक में पंजीयन है अनिवार्य:** राज्य सरकार ने साफ किया है कि इस बार की धान खरीदी के पहले किसानों का पंजीयन केंद्र सरकार के एग्रीस्टैक पोर्टल ▶▶।शेष पेज 7 पर

### 90 प्रतिशत रकबे का डिजिटल सर्वे हुआ

बताया गया है कि राज्य में अब तक 90 प्रतिशत रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे हो चुका है। पिछले साल 34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सर्वे हुआ था, इसका 99 प्रतिशत काम ▶▶।शेष पेज 7 पर

### चार हजार गांवों का रिकार्ड ही नहीं

राज्य में धान खरीदी के लिए ऑनलाइन सर्वे की इस तकनीकी प्रक्रिया के बीच यह जानकारी भी मिली है कि राज्य के 20 हजार गांवों में से चार हजार गांवों का डिजिटल रिकार्ड ही नहीं है। वहां ▶▶।शेष पेज 7 पर

हाईकोर्ट के जजों से किया कार्य-निष्पादन मूल्यांकन का आह्वान

# फैसला सुनाने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट खफा, कहा-मेज पर न लगे फाइलों की ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶।नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाने में देरी को लेकर हाईकोर्ट के जजों पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि एक तरफ जहां हाईकोर्ट के कुछ जज दिन रात एक कर पूरी निष्ठा के साथ काम करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज अपना काम समय पर पूरा नहीं करते हैं।*

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के 'अपने काम पूरे कर पाने' में असमर्थ रहने पर नाराजगी जताते हुए उनके 'कार्य-निष्पादन मूल्यांकन' का आह्वान किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हालांकि, वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए 'स्कूल प्रिंसिपल' की तरह काम नहीं करना चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए एक स्व-प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए कि 'उनकी मेज पर फाइल की ढेर न लगे। पीठ ने कहा, ऐसे भी न्यायाधीश हैं जो दिन-रात काम करते हैं और मामलों का शानदार निस्तारण कर रहे हैं, लेकिन साथ ही कुछ न्यायाधीश ऐसे भी हैं जो दुर्भाग्यवश काम पूरे कर पाने में असमर्थ हैं - कारण चाहे जो भी हो, अच्छे या बुरे, हम नहीं जानते और शायद कुछ परिस्थितियां भी हो सकती हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा, मान लीजिए कि एक न्यायाधीश किसी आपराधिक अपील पर सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों पर फैसला ▶▶।शेष पेज 7 पर

### सालों से रखा है फैसला सुरक्षित

दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने कुछ आजीवन और मृत्युदंड की सजा पाए दोषियों के खिलाफ सालों से फैसला सुरक्षित रखा है। उनकी अपीलों पर फैसला नहीं सुनाया गया है। जस्टिस कांत ने कहा कि कुछ जजों की आदत होती है कि वे ▶▶।शेष पेज 7 पर



### आत्मनिरीक्षण की जरूरत

पीठ ने आगे कहा, मान लीजिए कि कोई जज किसी आपराधिक अपील की सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों का फैसला करने की उम्मीद नहीं करते और एक दिन में एक आपराधिक अपील का फैसला करना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात ▶▶।शेष पेज 7 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने बताया गाइडलाइंस क्यों है जरूरी

झारखंड मामले की सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी फौजिया शकील ने बेंच को बताया कि कुछ हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने और उसकी घोषणा की तारीखों पर डेटा तो दिया है, लेकिन जजमेंट वास्तव में अपलोड कब किया गया, यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम स्कूल के प्रिंसिपल और मॉनिटर की तरह काम नहीं करना चाहते। लेकिन, ऐसी कोई गाइडलाइंस होनी चाहिए कि कितनी जल्दी फैसला सुनाया गया और अपलोड हुआ। "

इधर, हाईकोर्ट की ऐसी टिप्पणी

## टैक्निकल जांच, टेंडर और वर्क आर्डर में समय बरबाद करते हैं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलासपुर

प्रदेशभर की खस्ताहाल सड़कों के मामले में नाराज हाईकोर्ट ने शासन के अधिकारियों से कहा है कि इसमें सुधार जल्द होने चाहिए। अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सड़क बनाने से टैक्निकल जांच, टेंडर और वर्क आर्डर में काफी समय बरबाद किया जाता है। यह सही नहीं है। ध्यान रहे कि प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बैंच में चल रही है। शासन ने कोर्ट में अपना जवाब पेश किया। ▶▶।शेष पेज 7 पर



## सीएम साय पहुंचे बाजार



- *जीएसटी बचत उत्सव का लिया जायजा*
- *जीएसटी 2.0 से व्यापारियों और उपभोक्ताओं में उत्साह*

**रायपुर।** जीएसटी बचत उत्सव का जायजा लेने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को रायपुर के एम.जी. रोड एवं आसपास के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से आत्मीय संवाद किया। यह अवसर इसलिए विशेष रहा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने कर प्रणाली को नई सरलता और पारदर्शिता प्रदान की है। इस मौके पर मंत्री केदार कश्यप, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## दिव्यांग बेटे को मां ने पेट्रोल से जिंदा जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजनांदगांव

- दो दिन पहले की प्लानिंग

अपने दिव्यांग बेटे के साथ वाद-विवाद से परेशान होकर मां ने उसे मौत के घाट उतार दिया। अपने बेटे को मारने की उसने दो दिन पहले ही पूरी प्लानिंग कर ली थी। इसके लिए बकायदा पेट्रोल खरीदकर भी अपने घर में छिपा रखा था। विवाद होने के बाद उसने अपने बेटे पर पेट्रोल छिड़ककर जलाकर मार ▶▶।शेष पेज 7 पर



### दो दिन पहले खरीदा पेट्रोल

आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपने दिव्यांग बेटे को जलाकर मारने की योजना दो दिन पूर्व ही कर ली थी।

यूएन में सात जंग रुकवाने का लिया श्रेय

# ट्रंप फिर बोले- मैंने रुकवाया भारत-पाक युद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वर्तमान व्हाइट हाउस रोल और अमेरिका की वैश्विक ताकत पर जोर देते हुए भाषण दिया। ट्रंप ने सात युद्धों को रोकने का दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान और इजरायल-ईरान के 12-दिन के युद्ध सहित सात अंतहीन युद्धों को समाप्त किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, काश यह काम संयुक्त राष्ट्र करता, लेकिन मुझे करना पड़ा। ट्रंप रूस यूक्रेन युद्ध पर कहा कि नाटो देश अपने खिलाफ युद्ध को फंड कर रहे हैं। उन्होंने भारत-चीन को यूक्रेन जंग में रूस को फंड करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन में युद्ध के प्राथमिक ▶▶।शेष पेज 7 पर



### रूस से तेल खरीदी पर जताया ऐतराज

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, नाटो देशों ने भी रूसी ऊर्जा और रूसी ऊर्जा उत्पादों पर ज्यादा रोक नहीं लगाई है, यह शर्मनाक है। वे अपने ही खिलाफ युद्ध को वित्तपोषित कर रहे हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू करने के तीन साल से भी ज्यादा समय बाद, अमेरिका और यूरोपीय संघ अभी भी अरबों यूरो मूल्य की रूसी ऊर्जा और वस्तुओं का आयात करते हैं, जिनमें तरलीकृत प्राकृतिक गैस से लेकर संवर्धित यूरेनियम तक शामिल हैं।

### रूस पर टैरिफ लगाने को तैयार

ट्रंप ने कहा, वे रूस से लड़ते हुए रूस से तेल और गैस खरीद रहे हैं। यह उनके लिए शर्मनाक है। ट्रंप ने कहा कि अगर युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता नहीं होता है, तो अमेरिका रूस पर कई टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। ट्रंप ने कहा, लेकिन इन टैरिफ को प्रभावी बनाने के लिए, आप सभी यूरोपीय देशों को, जो अभी यहां एकत्र हैं, हमारे साथ मिलकर ठीक यही उपाय अपनाने होंगे।



## चिंतन

# जीएसटी बचत उत्सव पर खरीदारी के क्या मायने

जीएसटी बचत उत्सव के रूझान आने शुरू हो गए हैं। बिलकुल वैसा ही हो रहा है, जैसी सरकार ने उम्मीद की थी। लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। पहले नवरात्र के दिन ही जमकर उत्सव मनाया। देश की टॉप तीन ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51000 से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई। इसके अलावा, कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। ये डिस्काउंट तो कंपनियां हर साल नवरात्र के दिनों में देती रही हैं, लेकिन खरीदारी का ऐसा माहौल कई सालों बाद नजर आ रहा है। जीएसटी-2.0 लागू होने के बाद चार मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी व 1 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह चार मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी और 3 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। बड़ी गाड़ियों जैसे चार मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल व 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर अब 40 फीसदी जीएसटी लग रहा है। यही कारण है कि लोगों ने नवरात्र के पहले ही दिन से जबरदस्त खरीदारी शुरू कर दी है। अगर नवरात्र के पहले ही दिन की केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर की सेल को देखें तो सहज ही अंदाजा हो रहा है कि देशवासियों ने इसे हाथों हाथ लिया है। देश की सबसे बड़ी ऑटो मोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने 22 सितंबर को महज एक दिन में करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। ये पिछले 30 सालों में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15 फीसदी तक कम हो गए है। ये उन लोगों ने लिए तोहफे की तरह है, जिनका कई साल से कार लेने का सपना तो था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। अब कारें सस्ती होते ही ये मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए। केवल मारुति ही क्यों हुंडई ने भी नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। कंपनी की ग्रैंड आई 10, नियोस और क्रेटा जैसे पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड है। टाटा ने भी करीब 10,000 कारें डिलीवर कीं, जो अब तक का सबसे अच्छा रिकॉर्ड था। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। कंपनी जीएसटी कम होने के अलावा और भी कई तरह के लाभ दे रही है। वैसे तो भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से खरीदारी का सीजन माना जाता है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म ने इसे और खास बना दिया। रिटेल व ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑफर्स और भी आकर्षक हो गए हैं। घरेलू सामान और किचन आइटम्स की कीमतें घटने से उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। अभी केवल ऑटो मोबाइल कंपनियों की एक दिन की सेल का डाटा सामने आया है। लोगों इन दिनों में कपड़े, जूते, मोबाइल, टैब, सजावट व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जैसे-जैसे नवरात्रों के दिन आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे सेल में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। अभी उन लोगों का आंकड़ा सामने आना शेष है जो ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इशारा साफ है कि देशवासियों ने बचत उत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गर्व से लो, स्वदेशी लो' पर अमल करना शुरू कर दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा एक और कदम है।



जीएसटी-2.0
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी आरएंडआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर कहा कि जीएसटी सुधार और आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपये की बचत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ 'बचत उत्सव' मनाते हुए दिखाई देंगे और ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पाद बेचने का आग्रह भी किया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस कर दिया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए बड़ा उपहार हैं। इन दिनों हाल ही में जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है की जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48,000 करोड रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद




बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। देश में जीएसटी घटने से खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स कानून 2025, मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेते हुए एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। वस्तुतः नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं का बदलाव नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था का कायापलट होगा। इससे देश में टैक्स सिस्टम के डिजिटल और सरल युग का नया दौर शुरू होगा। इस नए कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकड़जाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज, आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

खास बात यह भी है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4,000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं। ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स कानून 2025 एक अत्यन्त सराहनीय कदम है। नया इनकम टैक्स कानून पुराने कानून को लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है। यह कानून भाषा को आसान बनाने के साथ ही कटौतियों को स्पष्ट करता है और विभिन्न प्रावधानों के बीच क्रॉस रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। नया कानून गृह संपत्ति से होने वाली आय, जिसमें मानक कटौती और गृह ऋण पर निर्माण-पूर्व ब्याज शामिल है, से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करता है। माध्यम से टैक्स कानून को सरल बनाते हुए उसके पेजों की संख्या को आधी कर दिया है और अप्रासंगिक हो चुके प्रविधानों को हटा दिया गया है।

उम्मीद करें कि देश में 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के साथ-साथ एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों, वे बिना किसी संकोच के काम कर सकें। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने में उपयोगिता मिलेगी। जीएसटी और इनकम टैक्स कर कानूनों में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे। उम्मीद करें कि देश में बचत उत्सव आम आदमी की खुशियां और परिवारों की आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री और युवाओं के लिए नौकरी के अधिक अवसर निर्मित करते हुए देश की आर्थिक रफ्तार तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

*( लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## फैसला
मनोज कुमार अग्रवाल



# शीर्ष अदालत ने भी माना वनतारा देश की शान

अनन्त अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा पर लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस फाउंडेशन के जामनगर स्थित वनतारा प्रोजेक्ट को क्लीन चिट देते हुए सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। एसआईटी जांच में पशु तस्करी, दुर्व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप निराधार पाए गए। शीर्ष अदालत ने वनतारा को राष्ट्रीय गौरव बताया और कहा कि बार-बार ऐसे मुकदमे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। गुजरात के जामनगर में स्थित यह एनिमल रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन इनिशिएटिव अब कानूनी तौर पर पूरी तरह वैध और सही साबित हुआ है। यह फैसला एसआईटी की रिपोर्ट पर आया है, जिसमें महीनों से चल रही बहस और अटकलों का अंत हो गया। वनतारा के खिलाफ दो रिट पिटीशन दाखिल हुई थीं। इनमें आरोप लगाया गया था कि जानवरों को अवैध तरीके से लाया गया है, कैप्टिविटी में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और वित्तीय अनियमितताएं भी हैं। अदालत ने पहले कहा था कि इन आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। लेकिन आरोप बेहद गंभीर थे, इसलिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी बनाई गई, जिसका नेतृत्व रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है। विशेष जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया।

दरअसल, वनतारा के मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। वहीं, एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा गठित एसआईटी ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास लाभ नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि वनतारा प्रोजेक्ट रिलायंस के अनंत अंबानी की सोच है। वनतारा का मतलब होता है स्टार ऑफ द फॉरेस्ट रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी के 3000 एकड़ रिक्लेम्ड ग्रीनबेल्ट पर यह पहल विकसित हुई है। आज वनतारा दुनिया के सबसे बड़े एनिमल रेस्क्यू और रिहैब सेंटरों में से एक है। यहां 200 से ज़्यादा हाथी। 300 से अधिक बड़ी बिल्लियां (शेर, बाघ, तेंदुए, जगुआर), 300 से अधिक शाकाहारी (हिरण, काले हिरण आदि), 1200 से अधिक सरीसृप (घड़ियाल, सांप, कछुए) सहित 1.5 लाख जानवर, 2000 से ज़्यादा प्रजातियों के साथ, इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। बता दें कि वनतारा देश का अपने तरह का एक यूनीक संस्थान है जो जीवों पशुओं के लिए इतना बड़ा रिहैबीलेशन का काम कर रहा है। यह उध्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने लाडले कनिष्ठ पुत्र की खराब सेहत जीव प्रेम की जीजीविशा के चलते स्थापित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने माना है कि वनतारा देश की शान है यानि अब यह अदालत की भी 'आंखों का तारा' बन गया है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### जीत दोहराने को जनमानस की नब्ज टटोलनी होगी

बड़े-बड़े उद्घाटन, नई-नई लुभावनी स्कीमें गौण हैं, जब तक जनमानस की नब्ज़ न टटोली जाए। यही एक मूल मंत्र है, जो हर जीत की चाहत रखने वाले को समझना होगा। दफ्तरों में धक्के खाना, नौकरशाही द्वारा तारीखें डाल बेकसूर की प्रताड़ना, जनहित कार्यों में कर्णधारों द्वारा उदासीनता भरा रवैया ही जनमानस की दुखती रग है।इसे समझना होगा, अन्यथा आज चुना हुआ प्रतिनिधि वहीं खड़ा है, जहां पिछले चुनाव से ठीक पहले उसका प्रतिद्वंदी खड़ा था। भाव सीधा व स्पष्ट है कि बारी-बारी का खेल खत्म कर बार-बार तभी संभव है, यदि माननीय उपरोक्त सच्चाई से मुंह न फेरें। जन प्रतिनिधियों को जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

*- मोहन साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### मेरे जूनियर



भोपाल के दैविक बाघेला की हर तरफ चर्चा है। हाल ही में प्रसिद्ध अभिनेता अभिषेक बच्चन जी के साथ उनकी फिल्म कालीधर लापता रिलीज़ हुई है और ध्यान खींच रही है। दैविक मॉडल स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इसलिए दैविक मेरे जूनियर हुए।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### आत्मनिर्भर भारत



भारत का पैसा भारत के कारीगरों के हाथों में जाए, युवाओं के हाथों में जाए, भारत के ही हस्तशिल्पियों के हाथों में जाए। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करेगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### जीएसटी वसूली



जनता पूछ रही है भाजपा सरकार ने पिछले 8 सालों में जो वसूली जीएसटी के नाम पर की है। वो कुल राशि यूपी भाजपा सरकार के महाकुंभ मॉडल की तरह पुलिस द्वारा 'घर' पर 'कैश' पहुंचाई जाएगी या बीमे के प्रीमियम में एडजस्ट की जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

### साहस और प्रेरणा



तन्वी द ग्रेट सिनेमाघरों में वापस आ गई है। दूसरा मौका मायने रखता है, क्योंकि ये हमें साहस, आशा और प्रेरणा को फिर से जीने का मौका देता है। तन्वी द ग्रेट की वापसी का अनुभव करें।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# भारत ने यूएनजीए में किया ग्लोबल साउथ का समर्थन



भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वर्षगांठ सत्र के तहत आयोजित एक उच्च-स्तरीय संवाद में अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए अपने राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग और कम लागत वाले शीतलन समाधानों को बढ़ावा देना शामिल है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने सोमवार को प्रारंभिक चेतावनी और अत्यधिक गर्मी पर उच्च-स्तरीय समाधान संवाद में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जॉर्ज ने सत्र को संबोधित करते हुए बढ़ते वैश्विक तापमान से उत्पन्न पर्यावरणीय आपदाओं से निपटने में 'ग्लोबल साउथ' का समर्थन करने के लिए भागीदारों के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित किया। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने गर्मी से निपटने के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रयासों 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक अलर्ट के लिए डिजिटल उपकरणों एवं अत्यधिक गर्मी से निपटने के वास्ते कम लागत वाले शीतलन समाधानों के उपयोग' पर प्रकाश डाला।

## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा दर्द से परेशान



आमतौर पर चोट या बीमारी के बाद अधिकांश बच्चे दर्द से उबर जाते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा, लगभग 8,77,000 को तीन महीने से अधिक समय तक लगातार इस पीड़ा से गुजरना पड़ता है। चिकित्सक इस स्थिति को पुराना या लगातार रहने वाला दर्द कहते हैं। बच्चों में यह दर्द सिरदर्द, पेट दर्द या गठिया जैसी बीमारियों के कारण हो सकता है। हालांकि, कई मामलों में दर्द का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता।'क्रॉनिक' दर्द पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा कराये गए एक नये अध्ययन में, 229 बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों से इस दर्द से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जानकारी जुटाई गई। परिवारों ने बताया कि यह दर्द खेलकूद, पढ़ाई, दोस्ती और माता-पिता के काम करने की क्षमता तक को प्रभावित करता है, लेकिन यह समस्या अक्सर दिखाई नहीं देती। वर्ष 2025 की 'नेशनल किड्स इन पेन रिपोर्ट' में एक कठोर तस्वीर पेश की गई है: दर्द स्कूली शिक्षा को बाधित करता है, मित्रता को खत्म करता है, पारिवारिक जीवन को बदल देता है, तथा राष्ट्रीय उत्पादकता पर भारी दबाव डालता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा, दिन की तुलना में रात के समय अधिक भीड़

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस में लगने लगी भीड़ दर्जनों ट्रेनों में वेटिंग, वंदे भारत में भी नहीं मिल रही जगह

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं। स्टेशन पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है।



हरिभूमि ने मंगलवार को लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह से जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है। जनशताब्दी, शिवनाथ, आजाद हिंद समेत हावड़ा-अहमदाबाद में मेले के सामान भीड़ देखने को मिली। रायपुर में एक ट्रेन में एक साथ 150 से 200 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 3 हजार से अधिक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है।

नवरात्रि के दूसरे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया, वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। पंचमी से यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं। रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है। पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को हजार की संख्या में यात्री दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटें में 450 सीटें में रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।

### पूजा स्पेशल की सुविधा

नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व पर पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

## संगठन सृजन अभियान, जिला अध्यक्ष बनाने आब्जर्वर की नियुक्ति

रायपुर। कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इसे लेकर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। एमपी के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं पूर्व विधायक हिना कांवरे को भी जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश में लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित राज्यों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है।




### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नायडू की मनाई पुण्यतिथि

**रायपुर**। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और रिटायर्ड प्रधानपाठक स्व. पी. जगन्नाथ राव नायडू की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा शहीद स्मारक भवन में रविवार को किया गया।

## जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का बड़ा अभियान, विधानसभाओं में होंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, उसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा सौंपा गया है। हर जिले में भी समिति बनाई गई हैं।

सभी विधानसभाओं में बड़े सम्मेलन कराए जाएंगे। लगातार 15 अक्टूबर तक कार्यक्रम होंगे। इसमें जीएसटी के बदलाव से होने वाले फायदे के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। व्यापारियों का सम्मेलन में बुलाया जाएगा। राजधानी रायपुर में 28 सितंबर को सम्मेलन होगा, इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कुछ मंत्रियों के साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे।

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो नया रीफार्म किया है, उसको लेकर अब भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा अभियान एक माह तक चलाने का फैसला किया है। सभी राज्यों में यह अभियान चलेगा। अब राज्य छत्तीसगढ़ में अभियान चलाने के लिए प्रदेश स्तर की समिति में महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। इसको लेकर प्रदेश स्तर पर एक कार्यशाला भी हो चुकी है। इसमें शामिल सभी जिलों के संयोजकों को बताया गया है कि क्या करना है। इस समय जिलों में कार्यशालाएं चल रही है, इसी के साथ संभाग स्तर पर भी कार्यक्रम हो रहे हैं।









# कोरिया रियासत की कुल देवी कुंदरगढ़ में विराजित

ऐतिहासिक

डा. संजय अलंग



उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की रियासतों ने अलग प्रांत बनाने का प्रयास किया पर असफल रहे। यह राज्यों में मिला दी गई। कोरिया शासक रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा 15 दिसंबर 1947 को कोरिया रियासत के भारत में विलय के अभिलेख को हस्ताक्षरित किया, जिसके आधार पर कोरिया की ओर से दीवान राय बहादुर सोहन लाल श्रीवास्तव ने एक जनवरी 1948 को विलय पर हस्ताक्षर किए। कोरिया रियासत मध्य प्रांत और बरार राज्य में मिला दी गई। साथ ही एक करोड़ दो लाख रुपए का शासकीय खजाना मध्य प्रांत और बरार की सरकार को सौंपा गया। रामानुज विलास पैलेस को छोड़ सभी भवन को सौंप दिए गए। अधिकांश कोल चौहानों के आने पर रियासत से चले गए। भुईहार कोल वंश के ही हैं। यह लोग निम्न जाति में गिने जाते थे और कहीं कहीं राजतिलक भी इनसे कराया जाता था। धनुहार, गोंड, आदि जनजातियां कोरिया की प्राचीनतम निवासी हैं। अन्य सभी जातियां बाद में बाहर से आई, जिसमें चेरवा पहली थी। यह लोग पलामू से आए और बैगा बने। पलामू को चेरोगढ़ भी कहा जाता है। रियासत काल की कुल देवी कुंदरगढ़ और महामाया मंदिर यह लोग ही पुजारी हुए। रजवार, तेली, अहीर, ग्वाल, उरांव, गरड़िया, कोरी, बरगाह, घसिया, कहार, केवट, बनिया, कलार, हरिजन के बाद मुस्लिम, जैन, सिक्ख और ईसाई धर्मावलंबी बाद में आए। बंजारा लोग ही आयात निर्यात करते थे। नमक लाने के कारण लवण भी कहे जाते थे। लवड़ोही और बंजारीडांड इनसे ही संबंधित संज्ञाएं हैं। कोयला खदान खुलने से उच्च अधिकारी, तकनीशियन, श्रमिक, ठेकेदार और व्यापारी बाहर से आए। बोलचाल की भाषा पर सरगुजिया, छत्तीसगढ़ी और बघेलखंडी का प्रभाव रहा। कोरिया रियासत में लगभग बीस जमींदारियां थीं और उनकी जनसंख्या खालसा अर्थात वह क्षेत्र जो जमींदारियों के अंश नहीं थे और सीधे रियासत द्वारा शासित होता था, से अधिक थी।

धार्मिक

घनश्याम नाग

## बड़े डोंगर में दरहों की नदी बारदा




प्राचीन बस्तर की राजधानी बड़े डोंगर रही है, यहां नदी की प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है। इसके तट पर आम नदियों की तरह रेत नजर नहीं आती, पत्थर ही पत्थर दिखते हैं। बीच बीच में पत्थरों से घिरे जल कुंड हैं जो नदी के सौंदर्य को चार चांद लगाते हैं। नदी कोई खास चौड़ी नहीं है पर बीच बीच में बने दरहा इसकी खास विशेषता है। स्थानीय लोग खोह या गुफा को दर या दरहा कहते हैं। इन दरहों की गहराई की वास्तविक नाप किसी उपकरण या जांच से ही जानी जा सकती है। ग्रामीण तो भय से ही थाह लगाने का प्रयास ही नहीं करते और इन्हें अथाह गहराई वाली दरहा मान लिया गया है। यहां सबसे पहले तेंदू दरहा गिर कर गोल गोल घूमता है इसलिए इसे भंवर दरहा भी कहते हैं। कार्तिक दरहा शिव मंदिर के पूर्व दिशा में है। कार्तिक माह में पुण्य प्राप्ति और मनोकामना की पूर्ति हेतु सूर्योदय के पूर्व कार्तिक स्नान की परम्परा है। तिरियार दरहा सबसे गहरी बताई जाती है। यहां पानी के अंदर अनेक खतरनाक जीव जंतु भी देखे जाते हैं। माघी पुन्नी के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है।

पुरातात्विक

विजय शर्मा

## महाभारतकालीन साक्ष्य सुअरमार में



महाभारतकालीन ऐतिहासिक घटनाओं और अवशेष बागबाहरा क्षेत्र में मिलते हैं। गुप्त वनवास के समय पांचों पांडव गंधमादन पर्वत ( नरसिंहनाथ ) जो उड़ीसा राज्य में है वहीं अपना समय गुजारा। हिडम्बा और हिडम्ब राक्षस और राक्षसी भाई बहन रहते थे। हिडम्ब ने अपनी बहन को पांडवों को अपना आहार लाने के लिए कहा, लेकिन हिडम्ब भीम के रूप लावण्य में मुग्ध हो गई। परिणामस्वरूप हिडम्ब को आना पड़ा और दोनों के बीच घोर युद्ध हुआ। हिडम्ब मारा गया, भीम ने उसी पर्वत पर हिडम्बा से विवाह किया, जिसे आज भीम मड़वा कहते हैं। दोनों की प्रणय स्थली खल्लारी और गौधस तथा सोनाई के बीच हुई हिडम्बा से भीम पुत्र घटोत्कक्ष का जन्म घोटियापानी बागबाहरा के बीच हुई। भीम ने यहीं से अपनी पत्नी और पुत्र को त्याग कर विराट नगर प्रस्थान किया। हिडम्बा ने भीम विरह में व्याकुल हो खोजा, इसलिए भीमखोज के नाम पर रेलवे स्टेशन है। खल्लारी और कोसरंगी में रिक्षणि देवी स्थापित हैं। महाभारत आख्यानों में हिडम्बा का रिक्षणि देवी के रूप में उल्लेख मिलता है। दोनों ही स्थानों में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। भीम जिस धारा पर स्नान करता था, उसे भीमधारा कहा जाता है। शेष भाई जहां स्नान करते थे उसे पांडव घाट और चाल धारा के नाम से जानते हैं। किंवदंती है कि यहां राजा भानुमंत की राजधानी थी तथा राम की माता भानुमति यहीं से ब्याही गई जिसके अवशेष यहां मौजूद हैं। यहां प्राचीनकालीन कई कलात्मक मूर्तियां भी मन को आकर्षित करती हैं।


### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

आस्था

टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

# नारी रूपेण दैवीय महाशक्ति की आराधना का स्वर जसगीत



नारी रूपेण दैवीय आस्था व जन-विश्वास के प्रतिमूर्ति को देवी एवं माता की संज्ञा प्राप्त है। ग्राम्यांचल की लोक आराध्य देवी माता दाई, बूढ़ीदाई, कंकालिन, शीतला, दुर्गादाई, बहीदाई, सतबहिनी, चंडी, महामाई के रूप में सर्वत्र विराजित हैं। ग्रामीण अपने हार्दिक भाव को श्रद्धा-पुष्प अर्पित कर इन देवियों के चरणों पर आशा व विश्वास का दीप जलाते हैं। धार्मिक अनुष्ठान नवरात्र पर्व विशेष पर गाये जाने वाला लोकगीत 'जसगीत' कहलाता है। नौ दिनों तक लोग निजी एवं सार्वजनिक स्थान के जोत जवाँरा एंव देवी स्थापत्य स्थल पर देवी को यज्ञ स्थल पर जगद्जननी को गीत के जरिए आमंत्रित किया जाता है। प्रथम दिवस गाए जाने वाला 'देवी आह्वान गीत' होता है। समस्त देवतागण एवं सारा ब्रह्माण्ड माता के साथ आमंत्रित होते हैं।

*'नेवता नेवता के हो जग रचौं महामाई*
*नेवता नेवता के हाँ....*
*ब्रह्म ल नेवतेंव बिस्नू ल नेवतेंव*
*अउ नेवतेंव कयलास पति ला*
*राजा इंदरदेव वहू ला नेवतेंव*
*नेवता नेवत के हो जग रचौं....'*

### शब्द संरचना

अन्य लोकगीतों की तरह जसगीत में भी प्रथम दो पंक्तियाँ मुखड़ा होती है, जो हो माँ, हे माता, माई, मईया, दाई, भवानी के साथ लयबद्ध होती है। पद संख्या दो या तीन होती है। आजकल जसगीत प्रतियोगिताओं में देवी के किसी कथा प्रसंग को लेकर लंबे जस गीतों की रचना होने लगी है। प्रश्न व उत्तर के पंक्तियों के गायन के पश्चात मुखड़े को लयबद्ध गाया जाता है। इस तरह एक विशेष गायन शैली के 'पचरा' कहलाता है। पचरा सर्वप्रथम गायक प्रमुख द्वारा गाया जाता है, फिर समूह गान होता है। देवी स्थापना दिवस के स्थिति तिथि, साज-सज्जा, भेंट-चढ़ावा, कथा प्रसंग के मुताबिक पचरा गाया जाता है। पचरा लोगों को लोक वाद्य यंत्रों के सुमधुर ध्वनि के साथ वीर, क्रोध, शांत, करूणा, भक्ति, रसों की रस पान कराता है। दैविक प्रभाव से भाव विहल होकर लोग झूमने गाने नाचने लगते हैं, इसे 'देवता आना या देवता झूपना' कहा जाता है। नवरात्रि के चार दिवस यह गीत गाया जाता है। पचरा की बानगी प्रस्तुत है-

*'तुम खेलन दुलरवा रनबन रनबन हो.....*
*का पूजा लेवय बाल बरमदेव*
*का पूजा लेवय गोरइयाँ*
*का पूजा लेवय बन के रक्सा*
*हो रनबन हाँ....*
*नरियर लेवय बाल बरमदेव*
*कुकरा लेवय गोरइयाँ*
*भंइस्सा लेवय बन के रक्सा*
*हो रनबन रनबन हाँ...'*

### देवी के रूप-सौंदर्य का दर्शन

जसगीत का प्रथम व महत्व पूर्ण भाग है सिंगार गीत। सिंगार यानी श्रृंगार करना नारी सुलभ प्रवृत्ति है। नारी सुंदरता का प्रतीक मानी जाती है। प्राकृतिक सौंदर्य प्राप्त होने पर भी नारी में अतिरिक्त बाह्य सौंदर्य अर्जन करने का स्वभाव होता है। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही आराधक नारी रूपेण देवी स्वरूपा जगदम्बे को श्रृंगार सामग्री अर्पित करते हैं। पंचमी तिथि को गाए जाने वाले देवी के रूप-सौंदर्य जसगीत कुछ इस तरह होता है।

*'मईया पचरंग पचरंग करत हे सिंगार हो माँ...*
*पचरंग परदा परयो भवन हे*
*पचरंग कलस बनाई हो माँ*
*पचरंग दरी बने पचरंगी*
*पचरंग साज सजाई हो मईया पचरंग...'*



### शौर्य-पराक्रम का वर्णन

दुर्गा, काली, भवानी की संज्ञा प्राप्त देवी पाप, अधर्म, अन्याय का नाश करती है। दुर्गा-महिषा सुर संग्राम के कथा प्रसंग में देवी के शौर्य, पराक्रम व वीरता का वर्णन जसगीत में सुनने को मिलता है। सिंह पर सवार सशस्त्र देवी दुर्गा का रणभूमि में कूच करने का वृतांत जसगीत के लोकधुन की प्रस्तुति होती है। यह कथा प्रसंग नारी को शक्ति दायिनी व पाप हारिणी के रूप में चित्रित तो करता है, साथ ही यह भी संदेश देता है कि पुरूष प्रधान समाज में नारी अपने यथोचित स्थान पाने के लिए शांति के मार्ग के अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर अपनी शक्ति का प्रयोग कर समस्त नारी जाति को जीवन जीने का अधिकार निर्धारित करती है।

*'महिसासुर मारन बर चले हो*
*दुरगा दाई सिंह म होके सवार....*
*एक हाथ धरे तलवार दूसर हाथ म कटारी*
*महिसासुर संग करय लड़ाई हो भारी*
*चम चम के हो तलवार*
*सिंह म हो के सवार...'*

### देवी के प्रति सेवा भावना

माता सेवा गीत में जगजननी के प्रति आराधक के सेवाभाव का जिक्र होता है। भक्त देवी को भौतिक वस्तुएँ अर्पित कर माता सम्मान की भावना रख अपने सेवाभाव को और प्रबल करता है। साथ ही, दूसरों को भी अपनी सेवा भावना को व्यक्त करने इस तरह अनुरोध करता है।

*'गुथौ हो मालिन माई बर फूल गजरा*
*कउने फूल के अजरा गजरा*
*कउने फूल के हार...*
*कउने फूल के माथ-मकुटिया*
*सोला ओ सिंगार...*
*गुथौं हो मालिन माई बर....*
*चम्पा फूल के अजरा गजरा*
*चमेली फूल के हार*
*सेवती फूल के माथ-मकुटिया*
*सोला ओ सिंगार*
*गुथौ हो मालिन माई बर...₹*


### विदाई का भाव जसगीत

नौ दिनों तक माता-पुत्र एवं देवी-भक्त का संबंध कायम रहता है। नवमी के दिन प्रतिमा व ज्योत जवाँरा विसर्जन के समय भक्तगण भाव-विहल हो जाते हैं। विदाई बेला को गाए जाने वाले जसगीत के लोकधुन बड़ा मर्मस्पर्शी होता है।

*'तोला कइसे भेजँव दाई*
*तोला कइसे भेजँव ओ...*
*होगे तोर जाये के बेरा*
*रो रो के मर मैं जइहौं*
*तोला कइसे भेजँव ओ...'।*

पर्यटन : डा.डी पी देशमुख

# जशपुर में विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग



छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिले के कुनकुनी विकासखंड से लगभग 15 कि.मी.दूर 300 मीटर ऊंचा मधेश्वर पहाड़ को विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक शिवलिंग होने का गौरव प्राप्त हुआ है जिसका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है, इसे ' लार्जेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली आफ शिवलिंग ' के रूप में मान्यता दी गई है। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था एवं आध्यात्मिक दृष्टि से वर्ष भर श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है।चारों ओर घना जंगल और हरे भरे परिदृश्यों से यहां खूबसूरत नजारा है। पहाड़ की ऊंचाई से पूरे जशपुर जिले का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय यहां की खूबसूरती में चार चांद लग जाता है। मधेश्वर पहाड़ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह पर्वतारोहण और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी लोकप्रिय होता जा रहा है। मधेश्वर पहाड़ पर एक प्राचीन शिव मंदिर स्थित है, जहां श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। सावन महीने में महाशिवरात्रि के समय यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता यह भी है कि यह स्थल कई वर्षों से आध्यात्मिक तपस्या का केंद्र रहा है। मधेश्वर पहाड़ को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने से यहां का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां पत्थरों में उकेरे गए खूबसूरत दृश्य, रंगीन झिलमिलाते लाइट, फव्वारे आदि से आकर्षण बढ़ते जा रहा है। एक ओर प्राकृतिक संरचना से निर्मित मधेश्वर पहाड़ी की वादी है तो इसकी तलहटी में अथाह जलराशि समेटे मयाली बांध और आसपास का सुंदर नैसर्गिक नजारा नेचर कैम्प को पर्यटक स्थल के रूप में नई पहचान दिला रहा है। बोटिंग की व्यवस्था है जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, इसके साथ ही बांध की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आदिवासी विकास प्राधिकरण के द्वारा इसे साहसिक पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

गांव की कहानी : आशा ध्रुव



# माता अंबा देवी के नाम पर अंबागढ़ चौकी



राजनांदगांव से मानपुर मोहला रोड पर अंबागढ़ चौकी स्थित है। पहले यहां तक पहुंचने के लिए आवागमन के साधनों का अभाव होता था तथा इस क्षेत्र में भोंसलो का राज्य था। इस स्थल को आमागढ़ भी कहा जाता है। पहले यह स्थान घनघोर जंगल और दुर्गम पहाड़ी वाले क्षेत्र के नाम से लोग जानते थे। यह अनगढ़ सा क्षेत्र था। एक पराक्रमी गोंड दल इसी गढ़ में रहा करता था, अपने शस्त्रों के बल पर वह इलाके का राजा बना हुआ था। नागपुर के भोंसले उसका राजत्व स्वीकार नहीं करते थे फिर भी उसे परास्त नहीं कर पाते थे।घने जंगलों में रहस्यमई गुफाओं में हजारों मनुष्य बरसों तक छिपे रह सकते थे और राज शासन को खबर तक नहीं लग सकती थी। आज वह अवस्था नहीं रह गई। यहां राजाओं की अधिष्ठात्री देवी माता अम्बे देवी थी,वह अपने राज्य को सुरक्षित माता की कृपा के कारण मानते थे। पहले यहां बड़े बड़े कीमती वृक्षों की भरमार होती थी, जिसकी अवैध कटाई और उसके परिवहन को रोकने के लिए जांच चौकी इस इलाके में यहीं बनाई गई थी। इस कारण माता अम्बे के साथ चौकी को जोड़कर अंबागढ़ चौकी नाम दिया गया। एक किंवदंती है कि यहां अनगिनत हैरत में डालने वाली गुफा काफी संख्या में होने के कारण यहां डाकू शरण लेते थे। पुलिस और सेना उनकी खोज नहीं कर पाती थी। इन डाकुओं की खोज में महीनों तक पुलिस अथवा सेना चौकी में पड़ी रहती थी। परंतु अंबागढ़ चौकी के रहस्य से वह चौकी अनभिज्ञ बनी रहती थी। अब यह स्थान एक जिले का रूप ले चुका है। शहर के मुख्य मार्ग के मोड़ पर आज पहाड़ी के एक किनारे अंबे माता का विशाल मंदिर बन चुका है। वर्ष भर पर्यटक और स्थानीय लोग माता का दर्शन करने आते हैं। दोनों नवरात्रि में मनौती हेतु हजारों की संख्या में भक्तों द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाती है।

**उपलब्धि** नवाचारों से मध्यप्रदेश बनेगा माइनिंग कैपिटल

# देश में प्रथम मध्यप्रदेश: खनिज ब्लॉकों की सबसे अधिक नीलामी, मिला 10 हजार करोड़ से अधिक राजस्व



## वर्ष 23-24 के मुकाबले खनिज राजस्व संग्रह में 23%की वृद्धि

## खनिज से 10 हजार करोड़ से अधिक प्राप्त किया राजस्व

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवाचारों से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार माइनिंग में नवाचार कर रही है। प्रदेश में सबसे पहले क्रिटिकल मिनरल के 2 ब्लॉक्स को नीलामी में रखा गया है। सबसे अधिक खनिज ब्लॉक्स की नीलामी कर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर आ गया है। प्रदेश की समृद्ध खनिज सम्पदा और नई खनन नीतियों से राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

खनिज संसाधनों के उपयोग से न केवल राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश में कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाइट और बॉक्साइट जैसे खनिजों का विशाल भण्डार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश खनन के क्षेत्र में अधिक राजस्व प्राप्त कर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले खनिज राजस्व संग्रह में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, प्रदेश में पहली बार खनिज राजस्व संग्रह 5 अंकों में पहुंच गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस अवधि में 4 हजार 958 करोड़ 98 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। जबकि वर्ष 2024-25 में यह प्राप्ति 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त किया गया है।



## मध्यप्रदेश खनिज ब्लॉक्स की नीलामी में सर्वप्रथम

मध्यप्रदेश मुख्य खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक संख्या में नीलामी करने में देश में प्रथम स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा वर्तमान में स्ट्रैटेजिक एवं क्रिटिकल मिनरल पर देश की आत्म-निर्भरता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे इन खनिजों की आयात पर निर्भरता कम हो सके। प्रदेश द्वारा इस खनिज समूह के अंतर्गत अभी तक ग्रेफाइट के 8 खनिज ब्लॉक, रॉक-फॉस्फेट खनिज के 6 ब्लॉक सफलतापूर्वक नीलाम किये गये हैं। मुख्य खनिज के 20 ब्लॉकों की नीलामी के लिये विभाग द्वारा 9 अगस्त, 2024 को निविदा आमंत्रण सूचना-पत्र (एनआईटी) जारी की गई है, जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण खनिज गोल्ड के 4 ब्लॉक, मैग्नीज खनिज के 16 ब्लॉक एवं कॉपर का एक ब्लॉक अभी तक सफलतापूर्वक नीलाम किये गये हैं। भारत सरकार द्वारा जनवरी-2024 में एक्सप्लोरेशन नीति प्रभावशील की गयी। इस नीति के तहत मध्यप्रदेश राज्य द्वारा क्रिटिकल मिनरल के 2 ब्लॉक नीलामी में रखे गये हैं। मध्यप्रदेश केंद्र सरकार की इस नीति का क्रियान्वयन करने वाला पहला राज्य बन गया है। खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में भी प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में स्ट्रेटेजिक एवं क्रिटिकल मिनरल, मुख्यतः रॉक-फास्फेट, ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट, प्लेटिनम एवं दुर्लभ धातु (आरईई) के लिये कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 11 क्षेत्रों पर अन्वेषण कार्य किया गया। प्रदेश में जिला खनिज विभाग के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य, जिसमें पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, स्वच्छता, कौशल विकास और वृद्ध, विकलांग कल्याण के लिये 16 हजार 452 परियोजनाएँ स्वीकृत की गयी हैं, जिनकी लागत 4406 करोड़ रुपये है। इनमें से 7 हजार 583 परियोजना लागत 1810 करोड़ रुपये का कार्य पूर्ण हो गया है।

एआई आधारित 41 ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे

# अवैध खनन रोकने में सफल हुआ मध्यप्रदेश, ई-चेकगेट हो रहे कारगर



भोपाल

मध्य प्रदेश में खनिज के अवैध परिवहन रोकने के लिये एआई आधारित 41 ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं। ई-चेकगेट पर वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर और ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जाँच की जा सकेगी। परियोजना में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में खनिज परिवहन के लिये महत्वपूर्ण 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अवैध परिवहन की निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर तथा जिला भोपाल एवं रायसेन में जिला कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है। इस वर्ष तक सभी 41 ई-चेकगेट की स्थापना किये जाने का लक्ष्य है।

अवैध खनन की रोकथाम के लिये उपग्रह और ड्रोन आधारित परियोजना प्रारंभ की गयी है। इस परियोजना के माध्यम से 7 हजार खदानों को जियो टैग देकर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया गया है। यह परियोजना पूर्ण रूप से लागू होने पर अवैध खनन को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही हो सकेगी। परियोजना के लागू होने पर स्वीकृत खदान के अंदर 3-डी इमेजिंग तथा वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस कर उत्खनित खनिज की मात्रा का सटीक आँकलन किया जा सकेगा। माइनिंग में नवाचारों से प्रदेश की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी, साथ ही इससे मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर खनिज उत्पादक राज्य के रूप में नई पहचान मिलेगी।



## निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश सरकार निजी क्षेत्र को प्रदेश के प्रचुर खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिये प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में हाल ही में भोपाल में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में कई बड़ी कम्पनियों ने माइनिंग सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई है। कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार ने खनिज क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये कई सुधार किये हैं। इनमें पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया, पर्यावरण-अनुकूल खनन और स्थानीय समुदायों को मुनाफे में भागीदारी देने जैसे कदम शामिल हैं।

### प्रदेश में है देश का एकमात्र हीरा भण्डार

*प्रदेश के पन्ना जिले में देश का एकमात्र हीरे का भण्डार है। हीरा खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरे का उत्पादन होता है। मलाजखण्ड कॉपर खदान भारत की सबसे बड़ी ताम्बा खदान है। इस खदान से प्रतिदिन 5 से 10 हजार ताम्बा निकाला जाता है। भारत के कुल ताम्बा भण्डार का 70 प्रतिशत ताम्बा मध्यप्रदेश में है। राज्य में स्थित सासन कोयला खदान भी अपने विशाल खनन उपकरणों के लिये प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। प्रदेश में लाइम-स्टोन, डायमण्ड और पाइरोफ्लाइट जैसे खनिज संसाधन हैं। मध्यप्रदेश के जिलों में खनिज के भण्डार हैं, जिसमें सतना, रीवा और सीधी में लाइम-स्टोन, बॉक्साइट, ग्रेफाइट, गोल्ड और ग्रेनाइट, सिंगरौली में कोयला, गोल्ड और आयरन, शहडोल, अनूपपुर और उमरिया में कोयला, कोल बेड, मिथेन और बॉक्साइट, छतरपुर, सागर और पन्ना में डायमण्ड, रॉक फास्फेट, आयरन, ग्रेनाइट, लाइम, डायस्पोर और पाइरोफ्लाइट, जबलपुर और कटनी में बॉक्साइट, डोलोमाइट, आयरन, लाइम-स्टोन, मैग्नीज, गोल्ड और मार्बल, नीमच और धार में लाइम-स्टोन, बैतूल में कोयला, ग्रेफाइट, ग्रेनाइट, लीड और जिंक, छिंदवाड़ा में कोयला, मैग्नीज और डोलोमाइट, बालाघाट में कॉपर, मैग्नीज, डोलोमाइट, लाइम-स्टोन और बॉक्साइट, मण्डला और डिण्डोरी में डोलोमाइट और बॉक्साइट, ग्वालियर और शिवपुरी में आयरन, फ्लेग-स्टोन और क्वाट्र्ज, झाबुआ और अलीराजपुर में रॉक फस्फेट, डोलोमाइट, लाइम-स्टोन, मैग्नीज और ग्रेफाइट के भण्डार हैं।*

## क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल्स में अग्रणी मप्र

**भोपाल।** खनिज विभाग ने ग्रेफाइट, रॉक फॉस्फेट, गोल्ड, मैगनीज और कॉपर सहित कई खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है। हाल ही में जबलपुर और कटनी जिलों में सोने की खोज की गई है, वहीं पन्ना और छतरपुर में हीरे के विशाल भंडार प्रमाणित हुए हैं। बालाघाट की मलाजखण्ड तांबा खदान देश की सबसे बड़ी तांबा खदान है, जबकि पन्ना की मझगवां हीरा खदान देश की एकमात्र सक्रिय हीरा खदान है।



### अवैध खनन पर नवाचार से नियंत्रण

अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए प्रदेश में 41 एआई आधारित ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली से खदानों की जियो-टैगिंग और 3-डी इमेजिंग कर खनिज उत्खनन की सटीक निगरानी की जा रही है।

### विकास कार्यों में खनिज निधि का उपयोग

जिला खनिज विभाग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में 16,452 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 7,583 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं।

### बहुमूल्य खनिजों में नित नई उपलब्धियां

**हीरा (डायमंड):** मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहाँ पन्ना जिले की मझगवां हीरा खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरा उत्पादन होता है। इसके अलावा छतरपुर स्थित बंदर हीरा ब्लॉक में 34.2 मिलियन कैरेट हीरे का अनुमानित भंडार मिला है। कटनी में 23 अगस्त 2025 को होने वाले खनन सम्मेलन में औद्योगिक विकास पर विशेष रूप से विचार किया जायेगा। **सोना (गोल्ड):** प्रदेश के सिंगरौली और कटनी जिलों में कुल पाँच स्वर्ण ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है, जिनमें 7.87 मिलियन टन अयस्क भंडार उपलब्ध है। जबलपुर के सिहोरा और कटनी के स्लीमनाबाद क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सोने की उपलब्धता के संकेत मिले हैं। जबलपुर जिले में 100 हेक्टेयर क्षेत्र में लाखों टन स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान है।

**कामयाबी** कटनी माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

# उद्योगपति निवेश का बड़े से बड़ा सपना देखें, मध्यप्रदेश सरकार है उनके साथ

भोपाल

खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है।

आप मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाईए, बड़े सपने देखिए, इन्हें पूरा करने में हम आपकी हर संभव मदद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से अपील की कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने देंगे। पिछले महीने कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में आए तमाम उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की नीतियों पर केवल भरोसा किया बल्कि 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी आ गए।

*प्रदेश में हैं उद्योग हितैषी नीतियां, उद्योग अनुरूप वातावरण*

*कॉन्क्लेव में हुए 3 एमओयू प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण*

*विकास में किसान और जवान की तरह उद्योगपति का भी है योगदान*

*मप्र की संस्कृति शोषण की नहीं दोहन की है, जियो और जीने दो*

### खुशहाली का जरिया बनेंगे एमओयू

मध्यप्रदेश में खनिजों की खोज और खनन क्षेत्र में नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा में यह आयोजन बहुत सफल रहा है। कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये निवेश प्रस्ताव हमें और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। शासन ने खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विजनरी लीडर: डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि हमारे धर्म में तांबे का महत्व सोने-चांदी से अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विजनरी लीडर हैं। उन्होंने हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हुए गुजरात में विकास का जो मॉडल खड़ा किया, आज हम सभी उससे परिचित हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि गो माता हमें दूध उपलब्ध कराती है और बच्चे को भी पिलाती है। भारतीय संस्कृति की धारा दोहन की है, शोषण की नहीं। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपना माल खपाने के लिए चालाकी का रास्ता अपना रहे हैं। आज हमारे उद्योगपति आगे बढ़ रहे हैं। उद्योगपति अपने साथ दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। आइए मध्यप्रदेश से जुड़िए, यहां पर्याप्त लैंड बैंक, बिजली, पानी है। प्रदेश में शीघ्र ही एयर कार्गो की सुविधा भी मिलेगी और दो मेट्रोपोलिटन सिटी भी बनने जा रहे है। कटनी में खनिज का भंडार है। अब तो क्रिटिकल मिनरल्स भी मिल रहे हैं। पन्ना में हीरे मिलते हैं तो कटनी में भी सोना मिल सकता है। राज्य सरकार ने सभी सेक्टर्स के विकास के लिए पारदर्शी नीतियां लागू की हैं। पहले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कीं, अब सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव कर रहे हैं।

### अब केवल 10 तरह की अनुमतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग के लिए 29 तरह की अनुमतियों को कम करके मात्र 10 कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रम कानून में बदलाव करते हुए महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी है। प्रदेश सरकार की नीतियों से आज दूसरे राज्य भी सीख ले रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का नंबर-1 राज्य बने, इसके लिए तेज गति से कार्य हो रहे हैं।

D-13010/25

कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा था- जेन जेड को किसी का विशेषाधिकार स्वीकार्य नहीं

# नेपो किड्स वाली पोस्ट पर सियासत भाजपा ने राहुल से जोड़ा, मचा बवाल

## वंशवादी राजनीति के खिलाफ बढ़ते प्रतिरोध की तरफ किया था इशारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में मची राजनीतिक उथल-पुथल को लेकर सोशल मीडिया पर एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर नई राजनीतिक बहस छिड़ गई है। बीजेपी ने उनके बयानों को तुरंत भुनाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष हमले से जोड़ दिया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'जुलाई 2023 में श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे, जुलाई 2024 में बांग्लादेश में शेख हसीना, सितंबर 2025 में नेपाल में केपी शर्मा ओली और फिलीपींस में फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों ने इन पर अपनी छाप छोड़ी है। सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने वंशवाद को ध्वस्त किया किया है या फिर चुनौती दे रहे हैं। इन घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने लिखा, 'जनरेशन एक्स, वाय, जेट को अब किसी का विशेषाधिकार स्वीकार्य नहीं है।' कांग्रेस नेता ने वंशवादी राजनीति के खिलाफ बढ़ते प्रतिरोध और सोशल मीडिया के रुझानों से उपजे सार्वजनिक आक्रोश की तरफ इशारा किया।

### भाजपा ने राहुल से जोड़ा बयान

वहीं, बीजेपी ने मनीष तिवारी के बयानों को राहुल गांधी से जोड़ दिया। बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा कि जी-23 बागी गुट के सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी भारतीय राजनीति के सबसे बड़े 'नेपो किड' राहुल गांधी पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जेन जेड को तो छोड़िए कांग्रेस के अपने दिग्गज भी उनकी राजनीति से तंग आ चुके हैं।

### 'काश, कुछ लोग जिंदगी में बड़े हो पाते'

मालवीय के जवाब में, मनीष तिवारी ने इस संबंध को खारिज करते हुए कहा, 'हे भगवान, काश, कुछ लोग जिंदगी में बड़े हो पाते।' उन्होंने अपने पोस्ट में बीजेपी के तर्क को खारिज किया और साफ किया कि इस चर्चा को कांग्रेस और बीजेपी के बीच राजनीतिक घमासान तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि दक्षिण और पूर्वी एशिया के बड़े घटनाक्रमों पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर जो कुछ हो रहा है, उसके राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। बता दें कि यह बवाल राहुल गांधी के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के बैकग्राउंड में हुआ है, जिसमें उन्होंने संविधान की रक्षा और कथित 'वोट चोरी' को रोकने के लिए भारत के जेन-जेड और छात्रों की सराहना की थी।

## 'मोदी छवि चमकाने में व्यस्त, बेरोजगारी और वोट चोरी देश का सबसे बड़ा संकट'



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने बेरोजगारी और 'वोट चोरी' को सीधा जोड़ते हुए कहा कि यही आजाद भारत के इतिहास का सबसे बड़ा संकट है। नेता विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन समारोहों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी युवाओं को नौकरी देने में पूरी तरह विफल रहे हैं, लेकिन अपने जन्मदिन के भव्य आयोजन और छवि चमकाने में हमेशा व्यस्त रहते हैं। राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा संबंध वोट चोरी से है। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार चुनाव जनता का विश्वास जीतकर नहीं बल्कि चोरी करके जीतती है, तो उसे नौकरियां देने, भर्ती प्रक्रियाओं को सुधारने या युवाओं के सपनों की रक्षा करने की कोई चिंता नहीं रहती।

### 'असली लड़ाई वोट चोरी के खिलाफ'

राहुल ने युवाओं से आह्वान किया कि असली लड़ाई सिर्फ रोजगार की नहीं बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। राहुल ने कहा, 'जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ता रहेगा। अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे और न ही वोट की चोरी. देश को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है।'

## 'रूस से तेल लेना बंद नहीं करेंगे' हंगरी ने ट्रंप को दिखाया ठेंगा

**बुडापेस्ट।** रूस से व्यापार को लेकर ट्रंप लगातार दुनिया के देशों पर दबाव बना रहे हैं जिसमें भारत भी शामिल हैं। रूसी तेल की खरीद को लेकर उन्होंने भारत पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया लेकिन भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी है। यूरोप के एक छोटे से देश हंगरी ने भी ट्रंप के दबाव को ठेंगा दिखाते हुए साफ कर दिया है कि वो रूसी तेल की खरीद जारी रखेगा। हंगरी के विदेश मंत्री पिटर ने कहा कि हंगरी रूस से तेल की खरीद बंद नहीं करेगा और न ही एनर्जी के लिए रूस पर अपनी निर्भरता कम करेगा। हंगरी अपनी अधिकांश ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस पर निर्भर है।


**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**"ADVERTISEMENT"**

Online applications are invited for recruitment to the post of **"Translator"** in High Court of Chhattisgarh, Bilaspur through CGVYAPAM:-

| Sl. No. | Category | No. of Posts | Posts Reserved for Divyang | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 06 Posts | |
| 1 | UR | 33 Posts (Including - 9-Women) | Posts identified by the Committee constituted for the purpose | Blind & Low Vision, Deafness, hearing impaired, Locomotor disability include cerebral palsy, disease-free leprosy, dwarfism, acid attack victim and muscular dystrophy Selfishness, intellectual disability, specific learning disability, autism and mental illness. |
| 2 | SC | 13 Posts (Including 3-Women) | | |
| 3 | ST | 15 Posts (Including 4-Women) | | |
| 4 | OBC | 11 Posts (Including 3-Women) | OA, OL, OAL, BL, HH, LV, OH, Acid attack victim, Muscular Dystrophy, Dwarfism Leprosy Cured, Autism | |
| | Total | 72 Posts | | |

**Date of Examination: 14.12.2025.**

For further details, interested candidates may visit the website of **https://vyapamcg.cgstate.gov.in/**

**Sd/- (Mansoor Ahmed)**
**I/c Registrar General**

**G.- 252603692/2**



**कार्यालय प्राचार्य**
**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था-कोण्टा**
**जिला-दक्षिण बस्तर सुकमा (छ.ग.) Email ID- principalitikonta@gmail.com**

क्रमांक/औप्रसं/सुकमा/स्थाप/मेप्र/भर्ती/2025/751 **विज्ञापन** / सुकमा, दिनांक : 17/09/2025

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, प्रशिक्षण पक्ष, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक नं0-04, प्रथल तल, अटल नगर, नवा रायुपर (छ0ग0) द्वारा मेहमान प्रवक्ताओं हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों के अनुसरण में जिला नोडल कार्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्टा हेतु एक वर्षीय व्यवसाय/ट्रेड मैकेनिक डीजल के लिए एवं नोडल संस्था शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा हेतु द्विवर्षीय व्यवसाय/ट्रेड फिटर हेतु प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के लिए प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत पद के रिक्त पदों (कार्यरत नियमित प्रशिक्षण अधिकारी/संविदा प्रशिक्षण अधिकारी/मेहमान प्रवक्ता को छोड़कर शेष रिक्त पद) के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में इच्छुक आवेदक, आवेदन दिनाँक 19/09/2025 से दिनाँक 03/10/2025 सायं 05 :00 बजे तक कार्यालय, नोडल अधिकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा (छ0ग0) 494111 के नाम स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में आवेदन जमा किया जा सकता है। पद की जानकारी, शैक्षणिक तकनीकी योग्यताएँ एवं निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :-

1. रिक्त पदों की जानकारी (कार्यरत नियमित प्रशिक्षण अधिकारी/संविदा प्रशिक्षण अधिकारी/मेहमान प्रवक्ता को छोड़कर शेष रिक्त पद) :-


| क्र. | जिला नोडल संस्था का नाम | संस्था का नाम | व्यवसाय/विषय | रिक्त पद | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सुकमा जिला-दक्षिण बस्तर सुकमा (छ.ग.) | शास. औद्यो. प्रशि. संस्था सुकमा, जिला-द.ब. सुकमा (छ.ग.) | फिटर | 01 | |
| | | शास. औद्यो. प्रशि. संस्था, कोण्टा जिला-द.ब. सुकमा (छ.ग.) | मैकेनिक डीजल | 01 | |
| | | महायोग- | | 02 | |

**नोडल अधिकारी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था**
**सुकमा, जिला-द.ब.सुकमा (छ.ग.)**

**जी. 252603690/2**


गुजरने वाला था ट्रंप का काफिला

# अमेरिकी पुलिस ने फ्रांस के राष्ट्रपति को सड़क पर रोका





एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ट्रैफिक जाम के कारण उस वक्त एक अप्रत्याशित क्षण पैदा हो गया, जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के काफिले के कारण सड़क पर रोक दिया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति कुछ देर के लिए न्यूयॉर्क की सड़क पर फंसे नजर आए, क्योंकि पुलिस ने ट्रंप के काफिले के लिए रास्ते बंद कर दिए थे। यह वाकया संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में मैक्रों के भाषण के तुरंत बाद हुआ, जिसमें उन्होंने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से फ्रांसीसी दूतावास की ओर जाते समय उनकी कार को न्यूयॉर्क पुलिस ने रोक दिया, जो राष्ट्रपति ट्रंप के काफिले के लिए सड़कों को सुरक्षित कर रही थी।

### मैंक्रो ने ट्रंप को लगाया सीधे फोन

इस मामले में तब और एक मजेदार ट्विस्ट आया, जब फ्रेंच राष्ट्रपति ने सीधे डोनाल्ड ट्रंप को फोन लगा दिया और उनसे हल्के-फुल्के अंदाज में मजाक किया कि वह उनके कारण ट्रैफिक जाम में फंस गए हैं। वायरल विडियो में मैक्रों को ट्रंप से फोन पर बातचीत करते सुना जा सकता है, जिसमें वह हंसते हुए कहते हैं, 'अंदाजा लगाइए, मैं सड़क पर इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि आपके लिए सब कुछ बंद है।'

### लोग लेते रहे सेल्फी

फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट बूट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में एक पुलिस अधिकारी मैक्रों से माफी मांगते हुए कहता है, 'मुझे खेद है, मिस्टर प्रेसिडेंट, अभी सब कुछ बंद है।' वायरल वीडियो में इमैनुएल मैक्रों को ट्रैफिक के बीच अपनी कार से सड़क पर उतरते हुए देखा जा सकता है, जहां लोग उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करने लगते हैं।

## प्रशांत किशोर पर 100 करोड़ का मानहानि केस

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक चौधरी ने मंगलवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को 100 करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा है। दरअसल प्रशांत किशोर ने मंत्री पर 200 करोड़ के घोटाले और जमीन धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। अब अदालत ने किशोर को 17 अक्टूबर को पेश होने के लिए समन जारी किया है। अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर के आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने अपनी बेटी और सांसद शांभवी चौधरी के खिलाफ बेनामी संपत्ति के आरोपों से इनकार किया।


**DIRECTORATE OF AVIATION GOVT. OF CHHATTISGARH, MAHANADI BHAWAN,**
**Phone No+91(0)771-2510172 FAX No. +91(0)771-2510172**
**CAPITAL COMPLEX, MANTRALAYA, ATAL NAGAR RAIPUR (CG): 492002, INDIA**

Ref No.: 697/DoA/tender/2025 Date: 19/09/2025

**TENDER NOTICE**

Directorate of Aviation invites application for eligible qualified candidates to engage as Free Lance Pilots (Pilot & Co-Pilot) for its official aircraft King Air B-200, for 3 years. Interested candidates may send/submit their application/quotation from 25/09/2025 to 24/10/2025 to the "Director, Directorate of Aviation, AD-3/9 Mahanadi Bhawan, Capital Complex Mantralay, Atal Nagar, Raipur (CG) Detailed advertisement can be viewed at https://cgstate.gov.in

**Director**
**Directorate of Aviation,**
**Govt. of Chhattisgarh**

**G-252603661/2**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 17.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर तक कलवर्ट एवं नाला निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) वर्तमान वार्ड 34 | 184.15 | 08.10.2025 (T.No. 175935) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## फ्रांस समेत पांच देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता इजराइल ने जताया विरोध

**न्यूयॉर्क।** मध्य-पूर्व एशिया की राजनीति दिलचस्प होती जा रही है। एक ओर इजरायल गाजा में हमास के खिलाफ अभियान चला रहा है तो वहीं, दूसरी ओर ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों ने एक के बाद एक फिलिस्तीन को मान्यता दे दी है। अब इस लिस्ट में और देश भी जुड़ गए हैं। सोमवार देर रात फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजराइल-फिलिस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की थी। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फिलिस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal:**
**https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 176153/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26 दि. 22.09.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 09.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम : नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर के बासमुण्डा तालाब एवं नहर सुदृढीकरण तथा लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत रू. 212.02 लाख

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, नारायणपुर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**जी. 252603682/3**



**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY**
**PROJECT CIRCLE, DURG, DISTT.: DURG (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

NIT No. 64&65/SE/TECH./CGRRDA/2025 Dated 22/09/2025

Superintending Engineer, Project Circle Durg on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY & MMGSVY and sanctioned for below mentioned district of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No. | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs) Ex. GST | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 64 | Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY | 175.00 | Durg, Balod, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC, Kabirdham | Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |
| 02 | 65 | Zonal Work (Repair & Maintenance) under MMGSVY | 175.00 | Durg, Balod, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC, Kabirdham | Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |


Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 30.09.2025. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

**Superintending Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency**
**Project Circle, Durg, Dist.: Durg (C.G.)**
**Email: sepmgsy.rpc@nic.in**

**S-45340**


## शब्द पहेली - 5998



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5997 का हल



## सूडोकु नवताल 6008

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# आंबेडकर अस्पताल में विदेशी युवक की मौत, तीन दिन से चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर के शासकीय आंबेडकर अस्पताल में मंगलवार को एक विदेशी युवक की मौत हो गई। मृतक साउथ अफ्रीका के एस्ताविनी देश का रहने वाला था, जो रायपुर एक निजी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आया था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे एम्बेसी के निर्देश पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां तीन दिन तक उसका इलाज भी चला, लेकिन चौथे दिन उसकी मृत्यु हो गई। विदेशी युवक की मौत कैसे हुई, यह अभी रहस्य बना हुआ है, क्योंकि पुलिस अभी तक मौत का कारण पता नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस का यह भी कहना है कि डाक्टर बता रहे हैं कि मृतक मानसिक रोगी था, लेकिन उसकी मौत कैसे हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही होगा।

देवेंद्र नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक सेनजेलवे सिसोनके निकमबुले 22 वर्ष साउथ अफ्रीका के एस्वातिनी का रहने वाला था। सेनजेलवे 20 सितंबर को मुंबई से रायपुर फ्लाइट से पहुंचा था। वह यहां एक निजी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आया था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने एंबेसी के निर्देश पर उसे आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया था, तब से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। सूत्रों के अनुसार सेनजेलवे मानसिक रोग से पीड़ित था, जिसका वह इलाज भी करा था, लेकिन अस्पताल में जब उसे भर्ती किया, उस दौरान उसके सिर पर चोट भी लगी हुई थी। इसके अलावा वह पेट संबंधी किसी बीमारी से भी ग्रस्त था। बताया जा रहा है कि सेनजेलवे का तीन दिन तक इलाज किया, लेकिन चौथे दिन सुबह उसकी मौत हो गई। ऐसी भी जानकारी सामने आई है कि भारत आने के बाद मृतक का मुंबई एयरपोर्ट पर बैग चोरी हो गया था। उस बैग में उसकी मानसिक बीमारी की दवाइयां थीं। इन दवाइयों का सेवन वह हर दिन करता था, लेकिन दवाइयां नहीं मिलने के कारण उसकी बीमारी बढ़ने लगी थी, जिससे वह मानसिक रोगी की हरकतें करने भी लगा था।

# नान ट्रेड सीमेंट 25 रुपए कम, खुले बाजार के सीमेंट में खेल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

जीएसटी में बदलाव के कारण प्रदेश में सीमेंट कंपनियों ने सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम तो 25 रुपए कम कर दिए हैं, लेकिन खुले बाजार के सीमेंट में संभावना की तरह का खेल कर दिया गया है। नान ट्रेड सीमेंट के दाम पहले 255 रुपए थे, इसको 230 रुपए किया गया है। खुले बाजार के सीमेंट के दाम कंपनियों ने कागजों पर ही कम करने का खेल किया है। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वालों का कहना है कि बिल में दिखाने के लिए दाम कम किए गए हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि दाम कम नहीं किए गए हैं। सीमेंट कंपनियां 300 से 335 रुपए तक बिलिंग करती हैं। अलग-अलग कंपनियों के डिस्काउंट के कारण सीमेंट 250 से 275 रुपए डीलरों में मिलता है। कंपनियों ने बिलिंग में दाम 30 रुपए कम करके 270 से बिलिंग 305 रुपए कर दी है और डिस्काउंट को कुछ से समाप्त, तो कुछ ने कम कर दिया है। इसका भी कंपनियां खुलासा नहीं कर रही हैं।

सीमेंट में पहले 28 फीसदी जीएसटी लगता था, इसको 18 फीसदी में लाया गया है। ऐसे में कायदे से इसके दाम दस फीसदी कम होने से 25 से 30 रुपए का फर्क आना चाहिए, लेकिन आम आदमी की पहुंच वाले खुले बाजार के सीमेंट के दाम कम न होकर और ज्यादा हो गए हैं। अपने प्रदेश में कई कंपनियों के सीमेंट बिकते हैं। इसके दाम खुले बाजार में 250 से लेकर 300 रुपए या इससे ज्यादा भी रहते हैं। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर कंपनियां पहले से ही बिलों में खेल करती हैं। सीमेंट के दाम बिल में ज्यादा रहते हैं और उसमें अलग-अलग तरह के डिस्काउंट देकर दाम को कम कर दिया जाता है। जिस कंपनी को अपना सीमेंट 250 रुपए में बेचना रहता है, उसकी बिलिंग 300 रुपए तक रहती है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769



गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
Since-2000
मारुति मसाज ऑइल
झटपट दिलाये आराम
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठियावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स Lab Care DIAGNOSTICS
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध है। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
पताः लीएलआईसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दाल स्टीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

# हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल में काम करने हेतु एक महिला मैनेजर, एक महिला कुक (नाश्ता, खाना बनाने हेतु) हेल्पर (साफ सफाई हेतु) दो महिलाएं चाहिए बॉयोडाटा सहित शाम 5बजे से 7बजे सम्पर्क करें- नर्मदा नगर बिलासपुर 7974357958 (38772)

आवश्यकता है- थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउन्टेन्ट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827122105 (38777)

आवश्यकता है- सोलर प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु शिक्षित बेरोजगार युवा महिला/ पुरुष की अतिशीघ्र आवश्यकता है निःशुल्क मार्केटिंग प्रशिक्षण सम्पर्क करें- JK Group वासुदेव काम्प्लेक्स सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 6232426838 (38774)

आवश्यकता है-डिजाइनर लड़के की आवश्यकता है कम्प्यूटर ऑपरेटर हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य है सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 96399 68650, 9425535104 (38759)

आवश्यकता है- कोचिंग में रिसेप्शनिस्ट पद हेतु शिक्षित लड़की/ महिला चाहिए कार्य समय सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक (रविवार छुट्टी) सम्पर्क करे- सक्सेस पाईंट कृषि कोचिंग सरकंडा बिलासपुर 6264907884, 8889295817, 75660 96069 (38780)

आवश्यकता है-रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 (lunch included) सम्पर्क करें- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 9302822476 (38768)

आवश्यकता है- बिलासपुर, मंगला, मोपका, तेलीपारा, पुराना बस स्टैण्ड, सरकंडा, कोनी, सिरगिट्टी, परसदा, तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 (38779)

आवश्यकता है-घरेलू सभी कार्य झाड़ू, पोछा, बर्तन साफ, सफाई, नाश्ता लंच बनाने के लिए महिला की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 8:30 से 12:30 सम्पर्क करें- 94252 54226, 8269960518 (38761)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़के की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- ज्योति ट्रेडर्स पुराना हाई कोर्ट रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827195463 (38775)

आवश्यकता है-बिजली दुकान में काम करने हेतु इलेक्ट्रिशियन एवं हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नरेन्द्र इलेक्ट्रिकल्स अण्डर फ्लाई ओवर ब्रिज राजीव गांधी चौक रोड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589208265, 6267353074 (38760)

आवश्यकता है- फोटोग्राफी स्टूडियो हेतु अनुभवी क्रिएटिव फोटोग्राफर फोटो एडिटर की आवश्यकता है जिन्हे स्टूडियो फोटोग्राफी, फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर, फोटोशॉप, लाइट रूम का अनुभव हो फुल टाइम को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9685223336 (38778)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा बिलासपुर 9827497999 (38773)

आवश्यकता है-आफिस कार्य बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826 (38743)

आवश्यकता है-बिलासपुर की Pvt.Ltd. कम्पनी को मैनेजर, सोलर टेक्नीशियन, सोलर आपरेटर, सर्वेयर, फिल्ड ऑफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर, काउन्सलर, ऑफिस ब्वाय (प्यून) की आवश्यकता है वेतन 10000- 35000 सम्पर्क करें-नारायण प्लाजा बिलासपुर 8085045559, 62692 22001 (38757)

आवश्यकता है-एक कैशियर एवं चार हेल्पर स्टाफ की कार्य करने के लिए अति शीघ्र आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड एवं बायोडाटा के साथ तुरन्त सम्पर्क करें- 7000216281 (38763)

आवश्यकता है- एक ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक वैगनआर और क्रेटा कार चला सके। सम्पर्क करें-अग्रवाल प्रियदर्शिनी नगर बिलासपुर 93004 16538 (38766)

आवश्यकता है-ऑफिस में रिसेप्सनिस्ट, फील्ड कार्य, ऑफिस कार्य हेतु अनुभवी, शिक्षित एवं अनुशासित युवक व युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8269208555 (38765)

आवश्यकता है-तिफरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित संतोषा टाइल्स में कार्य करने के लिए दो ऑफिस स्टाफ लड़को एवं गोदाम स्टाफ हेतु तीन नवयुवकों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 78696 88802 (38764)

आवश्यकता है-क्लासिक आइस वर्ल्ड में डिस्पैच हेतु चार, मार्केटिंग हेतु एक युवक की आवश्यकता है। जिन्हें काम की जरूरत हो वही सम्पर्क करें- लक्ष्मी निवास के सामने लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 9827158819 (38770)

आवश्यकता है-मेन्स वियर, किड्स वियर, कुर्ती, साड़ी हाउस में सेल्समैन सेल्सगर्ल हेल्पर की आवश्यकता है। सैलरी+ हर बिक्री पर 1% कमीशन। पता- पुराना बस स्टैण्ड करबला रोड, बिलासपुर सम्पर्क करें-7566285241 (38747)

आवश्यकता है-रेडीमेड शोरूम में सेल्सगर्ल, सेल्समेन, हेल्पर चाहिए आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- वियर विला धन गुरुनानक दरबार के पास, बलराम टाकीज रोड, सिन्धी कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर 9827116420, 88275 50866 (38755)

आवश्यकता है-बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (38756)

आवश्यकता है-शाकाहारी भोजन बनाने हेतु कुक, हेल्पर, रूम सर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स, सेक्युरिटी गार्ड, हाउस कीपिंग हेतु लड़के चाहिए सम्पर्क करें- सुबह 8 से 12 बजे तक हॉटल शिवनेरी लिंक रोड बिलासपुर (38742)

आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु कैशियर, सुरक्षागार्ड, हाऊस कीपिंग सुपरवाइजर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल सेन्ट्रल पाइंट बिलासपुर 99934 24004 (38769)

आवश्यकता है-बिलासपुर एवं आसपास के शहरों में आने जाने के लिए 10वीं, 12वीं पास नशामुक्त, सभ्य, लाइसेंसी कार ड्राइवर चाहिए सम्पर्क करें- रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (34744)

आवश्यकता है-(1) सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad, structural knowledge साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस, साइट, रजिस्ट्री, राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (38746)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना संपर्क करें 87705 08791 ,7225815090 (416)

आवश्यकता है-अदी अम्मा ब्लीस गद्दा कम्पनी में मार्केटिंग हेतु एक सेल्समैन की आवश्यकता है हमारे यहा ईपी शीट, फोम, गद्दा बिक्री किया जाता है। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7000741120, 8319402577 (38748)

आवश्यकता है-होलसेल दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़की/ लड़कों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- के.एस. एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38749)

आवश्यकता है-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000- 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 8420549466 (1171)

आवश्यकता है-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग कार्य हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 कार्य समय 10 से 8, सम्पर्क करें- पाहवा इंटर प्राइजेज गोल्डन बार के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 8109167000 (286)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 साल, ऑफिस टाइम 10 से की 5:30 बजे सम्पर्क करें- देवकीनंदन चौक बिलासपुर 9893271728 (287)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीशंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शो रूम) तेलीपारा बिलासपुर 9691169665 (289)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-950 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (23500+ 47500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (अनिल कुमार)-92084 33816 (1164)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को ज़रुरत अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 085880 80514 (1172)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373 (1173)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व स्टूडेंट(लड़के) मिनिमम दसवीं पास, अनुभवी आदमी को वरीयता दी जाएगी जो लिखा पढ़ी का काम कर सके आकर्षक वेतन तुरन्त सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (290)

## शैक्षणिक

शैक्षणिक-मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑन लाइन एजुकेशन शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 95160 36581, 8959264581 (38718)

## बेचना

बेचना है- हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

बेचना है-तिफरा यदुनन्दन नगर, एकता परिसर में सर्व सुविधा युक्त 2BHK मकान एवं सूर्या विहार फेस-2 A के पास 1600 वर्गफुट 45×35.5 का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8319467171, 8817723441 (38754)

बेचना है-दुकान का सेटअप ग्लास, प्लाई से बना हुआ रैक काउन्टर बेचना है। मोबाइल दुकान, दवाई दुकान, कपड़ा दुकान इत्यादि के लिए उपयुक्त है सम्पर्क करें- 8103450537 (38753)

बेचना है-पूर्ण विकसित T&C एवं 80 परिवारों वाली कालोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो मकान बेचने हैं। 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80लाख में। सम्पर्क करें- 9300989627 (38693)

बेचना है- शहर के हृदयस्थल शनीचरी बाजार मेन रोड पर स्थित 12x21 की तीन मंजीला दुकान बेचना है। कीमत 95 लाख संपर्क : 7415482163 (38776)

बेचना है-महाराणा प्रताप चौक साई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 93299 40681 (270)

## किराया

किराया-व्यापार विहार, गुम्बर पेट्रोल पम्प के पीछे F-293 दुकान G+2, साइज 12.5×30, 1125 वर्गफुट किराये से देना है सम्पर्क करें- 9303508203 (38745)

किराया-नेहरु नगर स्मार्ट रोड प्रथम मंजिल में 1 BHK सर्व सुविधा युक्त मॉडुलर किचन सहित, छोटे परिवार को 12000/- प्रतिमाह पर किराये से देना है। सम्पर्क करें- 94252 40096 (38762)

किराया-लिंगियाडीह राज किशोर नगर रेड चिल्ली के पास HDFC बैंक के बगल से 28×100 वर्गफुट का एक हॉल फर्स्ट फ्लोर में किराये से देना है सम्पर्क करें- 98271 65884, 9827170147 (38741)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

खबर संक्षेप



## अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच खेलेगी मैच

**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी।

## हैंपशर के खिलाफ मैच के लिए राहुल चाहर सर्रे टीम में



**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिये सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जायेगा । सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिये खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितंबर की शुरूआत में काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के लिये रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा ,'' लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैम्पियनशिप के आखिरी मैच के लिये टीम में हैं । वह रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिये खेलते हैं और भारत के लिये सीमित ओवरों के क्रिकेट में सात मैच खेल चुके हैं ।' चाहर ने सर्रे की वेबसाइट पर कहा ,'' इस सप्ताह के मैच के लिये सर्रे से जुड़कर खुश हूं । मैं टीम की जीत में योगदान देना और अपना प्रभाव छोड़ना चाहता हूं ।

## मेघना ने किया कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश

**सुवोन।** भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।



इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी।

## महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन



**लंदन।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अकसर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे।

# महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने 15, स्मृति और बेट्स ने जड़े 13-13 शतक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों ने वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने कई बार साबित किया है। इस प्रारूप में कई बल्लेबाजों ने यादगार शतकों से टीम को जीत दिलाई है। कुछ खिलाड़ी तो लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं और कई शतक जड़ दिए हैं। ऐसे में आइए वनडे क्रिकेट के इतिहास में उन महिला खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किए हैं।



### मेग लैनिंग (15 शतक)

इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मेग लैनिंग हैं। उन्होंने 2011 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2023 में ये प्रारूप खेलती हुईं नजर आईं थीं। उन्होंने 103 मुकाबलों की 102 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 15 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 53.51 की औसत से 4,602 रन निकले हैं। लैनिंग ने 21 अर्धशतक भी लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन रहा है।

### स्मृति मंधाना और सूजी बेट्स (13-13 शतक)

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 2 खिलाड़ी स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सूजी बेट्स हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने वनडे करियर में 13-13 शतक जड़े हैं। मंधाना 108 मुकाबलों की 108 पारियों में ये शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 47.92 की औसत से 4,888 रन निकले हैं। बेट्स ने 171 मैचों की 164 पारियों में 39.83 की औसत से 5,896 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 37 अर्धशतक भी निकले हैं।



### टैमी ब्यूमोंट (12 शतक)

इस सूची में तीसरे स्थान पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट हैं। उन्होंने साल 2009 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 132 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 122 पारियों में 12 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 41.16 की औसत से 4,528 रन निकले हैं। ब्यूमोंट ने अपने वनडे करियर में 23 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 168* रन रहा है।

### इन खिलाड़ियों ने जड़े हैं 9 शतक

महिला वनडे क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 9-9 शतक लगाए हैं। ये खिलाड़ी हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), लौरा वोलवर्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) और चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) हैं। इन खिलाड़ी में सबसे ज्यादा रन एडवर्ड्स के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 191 मैचों की 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 46 अर्धशतक भी निकले हैं।

एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से

# विजय रथ पर सवार टीम इंडिया का मुकाबला आज बांग्लादेश से

शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶ दुबई

एशिया कप 2025 में सुपर-4 के चौथे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना आज 24 सितंबर बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और वह विजयी क्रम को बरकरार रखना चाहेगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 में अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया है। ऐसे में वह भी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं अगर बात की जाए दोनों टीमों की तो बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह महामुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जायेगा।

### बांग्लादेश के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

एशिया कप के वनडे और टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 15 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 13 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं। टी-20 प्रारूप में दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों में ही भारतीय टीम को जीत मिली है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दोनों टीमें 17 बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत ने 16 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम ने सिर्फ एक मैच जीता है।



### विजयरथ पर सवार है भारत

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है. टीम इंडिया ने खेले गए अब तक 4 मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं, बांग्लादेश की बात करें, तो उसने पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर उनके विजयरथ पर विराम लगाया था। इसलिए टीम इंडिया बांग्लादेशी टीम को हल्के में नहीं ले सकती।

### बुमराह से टीम को दमदार प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से फिर से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन फिर मध्यक्रम को संभालते दिखाई दे सकते हैं। जसप्रीत बुमराह से टीम को इस बार दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### चोटिल हुए बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास



बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम से भिड़ना है। 24 सितंबर को होने वाले इस मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास चोटिल हो गए हैं। दरअसल, 22 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। अब उनके भारत के खिलाफ अगले मैच में खेलने को लेकर स्पष्टता नहीं है। खबरों के मुताबिक, लिटन को नेट पर स्क्वायर कट का प्रयास करते समय कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया, हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल परीक्षण करना होगा।

एशिया कप 2025: सुपर-4 मुकाबले

# शाहीन की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶ अबुधाबी

एशिया कप 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने सुपर-4 मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हरा दिया। अबुधाबी में खेले गए मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 133/8 का स्कोर बनाया। जवाब में पाकिस्तानी टीम ने 18 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। यह सुपर-4 में श्रीलंका की लगातार दूसरी हार है। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ 5 हार के बाद टी-20 मैच जीतने में सफलता हासिल की। बता दें कि पाकिस्तान ने 2017 के बाद से श्रीलंका के खिलाफ कोई टी-20 मैच जीता है।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकर के पथुम निसांका (8) और कुसल मेंडिस (0) सस्ते में आउट हुए। सलामी बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कामिंदु ने 50 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान चरित असलंका ने 20 रन का योगदान दिया और श्रीलंका ने 133/8 का स्कोर बनाया। जवाब में पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (24) की उम्दा शुरुआत के बावजूद 80 रन तक अपने 5 विकेट खो दिए। इसके बाद हुसैन तलत (32*) और मोहम्मद नवाज (38*) ने जीत दिलाई।

### शाहीन अफरीदी ने लिए 3 विकेट

शाहीन ने पारी की दूसरी ही गेंद पर विपक्षी सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस को आउट करते हुए विकेटों का खाता खोला। उन्होंने नई गेंद से घातक गेंदबाजी करते हुए अपने दूसरे ओवर में पथुम निसांका को पवेलियन की राह दिखाई। इस पाकिस्तानी प्रमुख तेज गेंदबाज ने आखिरी ओवरों के दौरान कामिंदु मेंडिस को अपना शिकार बनाया। उन्होंने अपने 4 ओवर में 28 रन देते हुए ये 3 सफलताएं हासिल की।

**मेंडिस ने लगाया अपना तीसरा अर्धशतक :** श्रीलंका ने जब 43 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब कामिंदु क्रीज पर आए। पाकिस्तान के गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए और मुश्किल घड़ी में कामिंदु ने 43 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह कामिंदु का तीसरा अर्धशतक साबित हुआ।

क्रिकेट

# हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक




एजेंसी ▶▶ हांगकांग

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा।

कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## श्रीजेश का लक्ष्य सीनियर टीम का मुख्य कोच बनना

**नई दिल्ली।** हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं।



दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है। श्रीजेश ने कहा, ''मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता। श्रीजेश ने कहा मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा।

# वनडे रैंकिंग में भारत का दबदबा, हार के बाद भी टॉप पर स्मृति, खेली थी शानदार पारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। इसी सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इसी बीच आईसीसी ने महिलाओं की वनडे रैंकिंग जारी की है। जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला ओडीआई बल्लेबाजी रैंकिंग में खुद को टॉप स्थान को बनाए रखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए पहले वनडे में 63 गेंदों पर 58 रन की शानदार पारी खेलकर यह मुकाम हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट को आगे नहीं आने दिया। यह चौथी बार है जब मंधाना ने रैंकिंग में नंबर एक का स्थान पाया है।



इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद, उनकी खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बेथ मूनी 77 रनों की नाबाद पारी खेलकर तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं फोबे लिचफील्ड 88 रन बनाकर 13 पायदान की लंबी छलांग के साथ एनाबेल सदरलैंड के साथ 25वें स्थान पर आ गई हैं। वहीं यह मैच टीम इंडिया हार कई फिर भी मंधाना की रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा।

## धीमी गति से ओवर फेंकने पर महिला टीम इंडिया पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने वाली है, लेकिन उससे पहले भारतीय महिला टीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते सीरीज 2-1 से पिछड़ गई। इस मैच में भारत की महिला टीम वक्त पर मैच को खत्म नहीं कर पाई और स्लो ओवर रेट का शिकार हुई। इसी के चलते आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है, जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।



### मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना

आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि स्लो ओवर रेट के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिये आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत टीम के खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

नीलामी के लिए कराया पंजीकरण

# अश्विन इंटरनेशनल लीग के साथ बीबीएल में भी खेलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने के बाद अब दुनियाभर की लीग में खेलने के तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाने वाली इंटरनेशनल लीग टी-20 दोनों में खेल सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आईएलटी20 नीलामी के लिए पंजीकरण भी करा लिया है और बीबीएल की टीमों से भी बात चल रही है।



### 1 अक्टूबर को होगी आईएलटी-20 के लिए नीलामी

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन काफी समय से आईएलटी 20 आयोजकों से बातचीत कर रहे थे और पिछले दिनों उन्होंने इसकी नीलामी के लिए पंजीयन भी करा लिया है। इस लीग के आगामी संस्करण के लिए 1 अक्टूबर की नीलामी होगी। इसी तरह वह बीबीएल में खेलने के लिए कई टीमों से बातचीत कर रहे हैं। इनमें सिडनी सिक्सर्स, सिडनी थंडर, रिकी पोंटिंग की होबार्ट हरिकेंस और टिम पेन की एडिलेड स्ट्राइकर्स शामिल हैं। हालांकि, वह एक ही टीम से जुड़ेंगे।

### पंजीयन को लेकर अश्विन ने क्या कहा?

आईएलटी20 लीग में पहली बार हो रही नीलामी के लिए पंजीयन की पुष्टि करते हुए अश्विन ने कहा, मैंने नीलामी के लिए पंजीकरण करा लिया है। उम्मीद है 6 में से एक टीम मेरे लिए बोली लगाने में दिलचस्पी दिखाएगी। हालांकि उन्होंने बीबीएल को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन संकेत हैं कि कुछ दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा। बता दें कि इस साल आईएलटी20 में सीधा प्रवेश न मिलने से अश्विन को नीलामी में जाना पड़ा है।

### ऐसा है दोनों टी-20 लीगों का कार्यक्रम?

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन के लिए दोनों लीगों में पूरा समय देना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि दोनों लीगों के कार्यक्रम आपस में टकरा रहे हैं। आईएलटी 20 सीरीज 2 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक खेली जाएगी, जबकि बीबीएल का आयोजन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होगा। मौजूदा स्थिति के नुसार, अश्विन आईएलटी20 से शुरुआत करेंगे और फिर बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। हालांकि, कार्यक्रम के आपस में टकराने के कारण बीबीएल में इस साल उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी।




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Also available on Flipkart amazon.in

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. #Limited period offer, T&C apply. Actual mileage may vary based on road and riding conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com